फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -49, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 15

## 2019 से कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीददार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 1,609 भुनाए गए। इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

## निवेशकों के डूबे 13.47 लाख करोड़



### स्मॉलकैप इंडेक्स में बड़ी गिरावट

- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### नियंत्रण से बाहर नहीं बाजार : उदय कोटक

बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत जबकि 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, जाने-माने उद्योगपति उदय कोटक ने बुधवार को कहा कि बाजार में 'थोड़ा बुलबुला' हो सकता है, लेकिन बाजार नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। कोटक का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच बयान के दो दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि छोटे और मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी को लेकर कुछ 'बुलबुले' की गुंजाइश है और नियामक इसपर एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए विचार कर रहा है।




# वोट खराब न करें, बोझ है कांग्रेस और सपा: योगी

### परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की शुरू हुई चुनावी रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने कहा- गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर चलवाते हैं गोली
- उन्नाव, फर्रुखाबाद व बरेली में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- आज अयोध्या, अंबेडकरनगर और गोंडा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं



उन्नाव में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के साथ भाजपा की चुनावी रैलियां बुधवार से शुरू हो गईं। तीन जिलों की सभाओं में मुख्यमंत्री ने इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। लोगों से कहा कि चुवाव में वोट खराब न करें, सपा और कांग्रेस को बोझ है। इन्हें स्वीकार न करें। राममंदिर को चुनावी मुद्दा बनाते हुए कहा कि गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को उन्नाव, फर्रुखाबाद व बरेली में करोडों की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास के बाद गुरुवार को अयोध्या, अंबेडकरनगर और गोंडा के कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। भाजपा संगठन ने उन्हें रोजाना तीन सभाएं करने का टास्क सौंपा, साथ ही भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी है।

मुख्यमंत्री ने उन्नाव में 241.26 करोड़ की 103, फर्रुखाबाद में 288.25 करोड़ की 102 और बरेली में 328.43 करोड़ की 64 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। योगी ने सभी जगह राममंदिर मुद्दे पर आशीर्वाद मांगा। कहा कि आपका आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो अयोध्या में रामलला का मंदिर बना। कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। जब वे गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा और राम मंदिर का निर्माण कर आस्था को सम्मान नहीं दे सकते तो अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।

योगी ने फर्रुखाबाद में कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, मगर जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाया जाता है। दलित वोटों को साधने के लिए बसपा प्रमुख मायावती पर हमला का जिक्र करते हुए कहा कि सपा के चीर हरण के दृष्य को बेनकाब करने वाले इसी धरती के सपूत स्व. ब्रह्मदत्त दिवेदी थे।

योगी ने बरेली में कहा कि नए उप्र में सुरक्षा है तो समृद्धता भी है, अजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। यहां संस्कृति के लिए कार्य भी है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी है। ये कांग्रेस और सपा कभी नहीं दे पाते। ये लोग आस्था का सम्मान कभी नहीं कर पाते। राम का नाम लेते ही लाठी चलने लगती थी।

## सुप्रीम कोर्ट याचिका पर कल करेगा सुनवाई

**निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को ''राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप'' से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि मुझे अभी प्रधान न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। एनजीओ ने 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023' के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है।

**फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा**

## तीन दशक पुराने केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



- अदालत ने अंसारी पर 2 लाख 2 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में राज्य सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

साल 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2 लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले राज्य सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।

## एक नजर

### कैंसर की नकली दवा बनाने में छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कैंसर की 'नकली' दवा बनाने वाले गिरोह में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को आईआईटी-बीएचयू के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आदित्य कृष्ण (23) पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति करता था।

### मणिपुर में स्वयंभू सेना प्रमुख सहित दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) (यूएनएलएफ-पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

## लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुराग ठाकुर



नितिन गडकरी



पीयूष गोयल



मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है जहां उनका मुकाबला कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से होगा। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है।

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के यूसीसी बिल को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगा कानून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था।

## सिपाही भर्ती परीक्षा : पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परीक्षा की दूसरी पाली में की थी सेंधमारी, पेपर व उत्तर कुंजी बरामद
- दिल्ली पुलिस का जवान था पेपर आउट कराने का मुख्य साजिशकर्ता

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पकड़ने में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान महेन्द्र शर्मा बराह खुर्द थाना कोतवाली जनपद जींद, हरियाणा के रूप में की गई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक प्रश्न-पत्र, एक उत्तर कुंजी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसटीएफ ने हरियाणा में थाना कोतवाली जींद के पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से आरोपी महेन्द्र को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह जींद की एक दुकान में काम करता था। 15 फरवरी 2024 को उसके गांव का विक्रम पहल, जो दिल्ली पुलिस में है, उसे अपने साथ मानेसर गुरुग्राम स्थित रिसॉर्ट पर ले गया तथा बोला कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है। मेरा सहयोग करो, तुमको भी एक-दो लाख रुपये दे दूंगा।

### गुरुग्राम के रिसॉर्ट में रची साजिश

16 फरवरी 2024 को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया था। उसके साथ मोनू शर्मा निवासी ढाकला जनपद झज्जर, विक्रम दहिया जनपद सोनीपत एवं कुछ अन्य लोग भी थे। गुरुग्राम रिसॉर्ट में परीक्षार्थियों को पेपर पढ़वाने की बात हुई थी।

## खतरनाक कुत्तों के आयात ब्रीडिंग पर रोक की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने राज्यों को भेजा प्रतिबंध लगाने संबंधी पत्र

इन दिनों खतरनाक कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। देश के कई हिस्से से लोगों पर कुत्तों के हमला करने की खबरें आ रही हैं। जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद केंद्र सरकार खतरनाक कुत्तों के पालने पर रोक लगाने की सोच रहा है। केंद्र ने पिटबुल, रॉटवीलर, टेरियर, वोल्फ डॉग और मैस्टिफ्स जैसे खतरनाक प्रजाति के कुत्तों के आयात, ब्रीडिंग और खरीद-फ़रोख्त पर रोक लगाने के लिए राज्यों को पत्र लिखकर कहा है कि सरकार अपने राज्य में स्थानीय निकायों से बात करके इस पर प्रतिबंध लागू करवाएं।

दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वो तीन महीने के अंदर सभी स्टेकहोल्डर्स से बात कर फैसला लें। ऐसे में जिन लोगों के पास पहले से इन प्रजाति के कुत्ते हैं, उनको भी स्टेरिलाइजिंग करने पर जोर दिया गया है, ताकि वो ब्रीडिंग ना कर सकें। जिन प्रजातियों को प्रतिबंध करने की बात की गई है, उनमें लगभग दो दर्जन खतरनाक प्रजाति के कुत्ते शामिल हैं, जिनमें पिटबुल और रॉटविलर भी शामिल हैं।

## सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को नहीं उठाए कदम

लखनऊ, विधि संवाददाता

**स्कूलों में बच्चों का मामला**

- हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को भेजी गई रिपोर्ट भी की तलब



**अमृत विचार।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पिछले छह माह में भेजी गई रिपोर्ट्स तलब की है। साथ ही टिप्पणी की कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों को जमीनी स्तर पर न तो लागू किया गया और न ही पिछले पाँच साल से अधिक समय से स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्रवाई की गई।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान कोर्ट ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी। उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट के उक्त दिशानिर्देश के क्रम में राज्य सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के बीच हुए पत्राचार की जानकारी न्यायालय को दी गई। इस पर कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर करते हुए, उपरोक्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में मुख्य सचिव को तिमाही रिपोर्ट भी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को भेजनी थी। हम उम्मीद करते हैं कि उक्त रिपोर्ट मुख्य सचिव द्वारा भेजी गई होगी।

कोर्ट ने कहा कि पिछले छह माह की उक्त रिपोर्ट अगली सुनवाई पर कोर्ट में दाखिल की जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले में नियुक्त न्याय मित्र को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केंद्र सरकार के स्कूल व साक्षरता विभाग को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया है।

## 5 साल के बच्चे की याचिका पर सरकार से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कानपुर के एक स्कूल में एलकेजी का छात्र है पीड़ित अथर्व

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है। मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले का है। 5 साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अथर्व ने हाईकोर्ट में वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है।



**तीसरा रोजा**

शिया
सहरी : 4:49 बजे
इफ्तार : 6:14 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:45 बजे
इफ्तार :6:24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# निकाह के सात वर्ष बाद दिया तीन तलाक

**फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** निकाह के सात वर्ष बाद तीन तलाक का एक मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

मामला फतेहपुर कोतवाली के मोहल्ला नाला पार उत्तरी का है। यहां की निवासिनी नाजमा खातून ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह सात वर्ष पहले काजीपुरा मोहल्ला निवासी तल्हा के साथ हुआ था। दो वर्ष पहले उसकी विदाई हुई। उसके बाद वह सूरत गुजरात में कपड़े की कंपनी में काम करने वाले पति के साथ रहती थी। चार माह पहले विवाद के बाद पति ने उसे घर पुत्री असमीरा के साथ भगा दिया। उसके बाद 27 फरवरी को पति ने फोन कर तीन तलाक दे दिया। प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# होली पर मीठी होगी अंत्योदय परिवारों की गुझिया

**सुविधा**

- कार्डधारकों को 18 रुपये प्रति किलो की दर से मिलेगी चीनी
- राशन के साथ 15 मार्च से उचित दर की दुकानों में होगा वितरण

**श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी**



**अमृत विचार :** जिले के 1 लाख 13 हजार 813 अंत्योदय कार्ड धारकों की इस बार होली की गुझिया की मिठास ज्यादा महसूस होगी। उन्हें जनवरी माह से अब तक की चीनी बाजार से सस्ते दर पर मुहैया कराई जाएगी। इसका वितरण 15 से 29 मार्च तक किया जाएगा। इसे लेकर सभी कोटेदारों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। चीनी वितरण में लापरवाही करने पर कार्रवाई की भी बात कही गई है।

हमेशा की तरह इस बार भी रंगों के पर्व होली के अवसर पर शासन ने अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी देने का निर्णय लिया है। ऐसे में इस बार भी होली पर्व पर 113813 राशन कार्ड धारकों को सस्ती दर पर चीनी का वितरण किया जाएगा। इसे लेकर सभी कोटेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। अंत्योदय कार्डधारकों को यह चीनी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मार्च माह में वितरित होने वाले निःशुल्क राशन के साथ मुहैया कराई जाएगी।

निर्धारित रोस्टर में कोटेदारों को नियमानुसार उपभोक्ताओं को निःशुल्क राशन के साथ अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी, फरवरी व मार्च माह की एक-एक किग्रा के हिसाब से तीन किलोग्राम चीनी 54 रुपये में वितरित करने को कहा गया है। यही नहीं, यदि कोटेदार अंत्योदय कार्डधारकों को तीन किलोग्राम चीनी निर्धारित दर और निःशुल्क राशन वितरण में अनियमितता करता हैं तो कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी वितरित के निर्देश मिले हैं। कोटेदारों को चीनी उपलब्ध करा दी गई है। चीनी के साथ राशन वितरण पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लापरवाही मिलने पर कोटेदारों पर कार्रवाई भी होगी।

**राशन कार्डधारकों की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल राशनकार्ड | 639087 |
| लाभार्थी | 2628753 |
| पात्र गृहस्थी कार्ड | 525724 |
| लाभार्थी | 2269009 |
| अंत्योदय कार्ड | 113813 |
| लाभार्थी | 359744 |

**एक नजर**

### विभिन्न मामलों में फरार 14 आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने फरार चल रहे 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 27 आरोपियों को शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### 12 किलो पोस्ता छिलका के साथ दबोचा गया तस्कर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस ने 12 किलो चार सौ ग्राम पोस्ता छिलका के साथ रेहुरा निवासी इमरान को भिटारी मोड के पास से गिरफ्तार किया। इमरान बोलेरो पर पोस्ता छिलका लादकर जा रहा था। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

### तमंचे के साथ बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा पुलिस ने नरायनपुर निवासी रितिक रोशन उर्फ राम को तमंचे के साथ दबोचा। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

### अपहृत युवती बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद पुलिस ने अपहृत युवती को बुधवार को बरामद कर लिया। हालांकि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# पीएम मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास : भूपेंद्र

## पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लॉन्चिंग कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित, जिले के 1168 पात्र बने लाभार्थी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि गरीबों व वंचितों को सामाजिक न्याय के तहत अग्रिम पंक्ति में लाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। मोदी ने देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को केंद्र में रखकर बीते 10 वर्षो में कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। आज केवल मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास भी है।

उन्होंने बुधवार को कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लॉन्चिंग पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन सुना। साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किट वितरित की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग के तहत मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित कराकर आधी आबादी के सम्मान को संबल प्रदान किया है। इस दौरान खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने पीएम सूरज योजना के सभी लाभार्थियों को बधाई दी। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज, राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, शशांक कुसुमेश, बैजनाथ रावत, विजय आनंद वाजपेयी मौजूद रहे।

पीएम सूरज योजनान्तर्गत जिले में कुल 1168 लाभार्थी चयनित हुए। इनमें से 706 लाभार्थियों को आर्यावर्त बैंक ने वित्त वर्ष में कुल 10.18 करोड़ का ऋण दिया। इस अवसर पर बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद रहे।



लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यमंत्री।



सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वार का लोकार्पण करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष।

### सरदार पटेल द्वार का किया लोकार्पण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा असैनी मोड़ पर एमएलसी एवम जिला प्रभारी अवनीश सिंह द्वारा अपनी निधि से बनवाए गए सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वार का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया।

### योगी सरकार ने तोड़ा माफिया तंत्र

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुख्तार अंसारी को फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाने पर कहा कि पहले की सरकारों में जिस तरह का माफिया तंत्र कायम था, उसको योगी सरकार ने तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी जैसे दुर्दांत अपराधी के खिलाफ कोर्ट ने जो सजा सुनाई है, हम उसका सम्मान करते हैं।

### कांग्रेस का यूपी से हो चुका सफाया

कांग्रेस द्वारा सरकार बनने पर पांच 'नारी न्याय गारंटी' देने के एलान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस के बड़े नेता राज्य से पलायन कर चुके हैं। इसके बाद कांग्रेस का पूरे प्रदेश से सफाया हो चुका है। कांग्रेस की इस तरह की किसी भी योजना के एलान पर देश में किसी को भी विश्वास नहीं है। आज गारंटी केवल पीएम नरेंद्र मोदी की है और उसी पर लोगों का विश्वास भी है।

**सार-संक्षेप**

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा



श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रृद्धालु। अमृत विचार

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम पंचायत सिल्हौर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। मनोज कुमार चौरसिया के निवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा चेतनदास महराज के आशीर्वाद से शुरुआत की गई। गाजे बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए आदि गंगागोमती के तट लालेश्वर महादेव पर पहुंची। जहां कलश में जल भरा गया। पंडित शिवानंद मिश्र श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे। कलश यात्रा में से राम सजन चौरसिया, शांति देवी, लवकेश चौरसिया, उदय नारायण पाठक, ग्राम प्रधान जहावर लाल तिवारी, शंभूसरन पाठक, विशुन चौरसिया, मोहित चौरसिया, राधे श्याम यादव, राज, सर्वेश चौरसिया आदि थे।

### वामन अवतार की कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त



कथा सुनाते विपिन बिहारी दास।

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौरब्लाक की ग्राम पंचायत पश्चिम टेडवा गांव में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में अयोध्या से पधारे कथावाचक विपिन बिहारी दास ने वामन भगवान के अवतार की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा के आयोजक यजमान राम सिंह, नरसिंह, जय सिंह, पारसनाथ सिंह, लाल बिहारी पांडे, नैमिष नाथ सिंह, दुर्गेश मिश्रा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राम तीरथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन



गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में भोजन करतीं कन्याएं। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा एवं गायत्री महायज्ञ के समापन पर बुधवार को कन्या भोज वभंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन रामशरण पाठक, समाजसेवी कमलेश पांडे, दयाशंकर तिवारी, राजेश पाठक, रामकरण सिंह, अनिरुद्ध दीक्षित, राधे मोहन शुक्ला, देवेंद्र कुमार मौर्य, बंटी ओझा आदि थे।

### सांसद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



सांसद खेल स्पर्धा में प्रमाण पत्र के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

**हरख, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक क्षेत्र में जनपद इंटर कॉलेज के मैदान में बुधवार को सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। विजयी छात्रों को सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने पुरस्कृत किया। कबड्डी व दौड प्रतियोगिता में प्रथम अमन कुमार को दो हजार, द्वितीय संजय को एक हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। अन्य विजेताओं को तीन-तीन सौ रुपए धनराशि दी गयी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक और क्षेत्रीय युवा कल्याण समृद्धि यादव आदि मौजूद थे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी**



तनु की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर बुधवार को बेकाबू डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवती की मौत हो गयी जबकि उसके ममेरे भाई-भाभी घायल हो गए।

बाराबंकी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर निवासी विक्रम की पुत्री तनु (20) ममेरे भाई अमन, भाभी नीतू के साथ बाइक से गंगौली में रिश्तेदार के यहां जा रही थी। फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर तिलरन के निकट सामने से आ रहे डंपर ने बाइक में ठोकर मार दी। तनु डंपर के नीचे आ गयी और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं घायल भाई व भाभी को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है।

# 173 ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 173 ग्राम स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। जैदपुर पुलिस ने बुधवार को अफजल शैफ और वकील अहमद का गिरफ्तार कर 98 ग्राम स्मैक बरामद की। रामसनेहीघाट पुलिस ने 55 ग्राम स्मैक के साथ अजय पाठक का दबोचा। कोतवाली नगर पुलिस ने मिठे उर्फ गुड्डू को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने व कोतवाली लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

# डांस के दौरान मारपीट दूल्हे का ममेरा भाई बेहोश

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार:** शादी में द्वारपूजा के दौरान डीजे पर डांस के दौरान हुई मारपीट में घायल दूल्हे का ममेरा भाई बेहोश हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना रामसनेहीघाट कोतवाली के नोहारिक पुरवा की है। परशुराम की बेटी का विवाह था। बरात मथुरानगर मजरे चकमनियापुर से आई थी। डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में दूल्हे रवि के ममरे भाई अरविंद पर एक युवक ने टेंट की की राड से हमला कर दिया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी ने घटना से अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहाकि तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 78 लीटर शराब के साथ 7 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने 78 लीटर शराब के साथ सात आरोपियों को दबोचा। रामनगर थाने की पुलिस टीम ने मल्लाहनपुरवा निवासी रीता और शुभावती को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। सफदरगंज पुलिस की टीम ने 10 लीटर शराब के साथ दादरा निवासी रामआधार को दबोचा। कुर्सी पुलिस ने मदारपुर अनवारी निवासी शाहबान को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। सुबेहा पुलिस ने कुडवा निवासी बाबूलाल को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। सतरिख पुलिस ने नौ लीटर शराब के साथ शुभकरन और लोनीकटरा पुलिस टीम ने नौ लीटर शराब के साथ मंशाराम रावत को दबोचा।

# हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



कार्यक्रम को संबोधित करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार को अधिवक्ता परिषद एवं विधि प्रकोष्ठ की ओर से वर्तमान राजनीति में महिलाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अमित शुक्ला और अध्यक्षता राम लखन शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा उपस्थित रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ता लता श्रीवास्तव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना देश का विकास असंभव है। अधिवक्ता एवं विहिप उपाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने कहा कि नारी सदैव वंदनीय रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामगोपाल शुक्ल ने कहा कि आज नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। अतिथियों का आभार विधि प्रकोष्ठ भाजपा के संयोजक अनूप कुमार यादव एडवोकेट ने व्यक्त किया। इस दौरान शैल वर्मा, सिकंदर जहां कादरी, अनीता कुमारी, सरला, विजय लक्ष्मी, राम गोपाल शुक्ल, योगेंद्र वर्मा, रमन लाल द्विवेदी,पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी, रितेश मिश्रा, अशोक वर्मा, सचिन प्रताप सिंह, सुनील मौर्य, राम जस सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अमित अवस्थी,अमित गुप्ता,आदर्श श्रीवास्तव, हरिओम मिश्र, अनुराग शुक्ल, विनोद यादव आदि उपस्थित रहे।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो माह पहले पति से तलाक होने के बाद मायके में रह रही महिला का शव बुधवार को घर में फंदे से लटका मिला।

मामला लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मंजूपुर गांव का है। राजेंद्र रावत की पुत्री काजल उर्फ मुन्नी का पति से दो माह पहले तलाक हो गया था। वह अपने मायके में रहती थी। बुधवार को घर के सभी लोग खेत पर काम करने गए थे। काजल घर में अकेली थी। दोपहर में परिजन खेत से घर लौटे तो दरवाजा बंद था। पिता को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोडकर अंदर पहुंचे तो कमरे में काजल का शव साड़ी के फंदे से लटकता देख परिवार वालों में कोहराम मच गया।

**अभियान** डीएम ने ट्राईसाइकिल रेस को दिखायी हरी झंडी, सरोज प्रथम, हंसराज द्वितीय और समर को मिला तीसरा स्थान

# मतदाता जागरूकता को दिव्यांगों ने लगायी दौड़

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस का उद्घाटन किया। रेस में 8 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें सरोज निवासी सद्दीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हंसराज निवासी मैगलपुर द्वितीय और समर सिंह निवासी समसीपुर तृतीय घोषित किये गये।

दिव्यांगों की टीम ए एवं बी की क्रिकेट प्रतियोगिता भी हुई। टीम ए की कप्तानी लालू यादव एवं टीम बी की कप्तानी नागेश ने की। टीम ए विजेता रही। इस मौके पर डीएम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को मतदान करना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में सीडीओ अ. सुदन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजाज खान, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी नरेश, डिप्टी कलेक्टर श्वेता आदि मौजूद रहे।



ट्राईसाइकिल रेस के विजेता को पुरस्कृत करते डीएम सत्येंद्र कुमार।



कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित करते बीईओ दरियाबाद मनीराम वर्मा।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित : दरियाबाद।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रामार्पित महाविद्यालय में रंगोली, मेहंदी, समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रभारी बीईओ मनीराम वर्मा, महाविद्यालय प्रबंधन प्रांजल प्रशासक हरिओम तिवारी, महाविद्यालय की प्राचार्य, मेडिकल यूनिट के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### बच्चे की याचिका पर सरकार से जवाब-तलब

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

### कृष्ण कूप पर बसौड़ा पूजा की अनुमति मांगी

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होकर सीपीसी की धारा 151 के तहत हलफनामे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष बसौड़ा पूजा के रूप में कृष्ण कूप पर हिंदू भक्त पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष यह पूजा 1 अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी और 2 अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी के रूप में पड़ रही है। आवेदन में वादी पक्ष ने विपक्षी के लिए निर्देश मांगा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा करने के लिए हिंदू भक्तों को रोका न जाए। मुस्लिम समुदाय ईदगाह पर पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था कर सकता है।

### अनुपम बने युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने कोटवा सड़क निवासी अनुपम जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस बात की सूचना मिलते ही बुधवार को सपा के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

# आज से एक माह तक नहीं होंगे शुभ कार्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**खरमास**
- सूर्य आज करेगा मीन राशि में करेगा प्रवेश
- 13 अप्रैल को समाप्त होगा खरमास

**अमृत विचार :** सूर्यदेव के राशि परिवर्तन के साथ ही गुरुवार से खरमास लग जाएगा और सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। इस दिन सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे और 13 अप्रैल तक विराजमान रहेंगे। इसके कारण एक माह तक शुभ और मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे।

ज्योतिषचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री के मुताबिक 14 मार्च को दोपहर 3:12 बजे सूर्यदेव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में तभी से खरमास लग जाएगा।

इसके बाद 13 अप्रैल को सूर्यदेव के मीन राशि से मेष राशि से प्रवेश करेंगे और खरमास समाप्त होगा। खरमास के दौरान शादी और अन्य कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। मीन राशि में स्वामी ग्रह बृहस्पति हैं।

उन्होंने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य गुरु ग्रह की राशि मीन या धनु में गोचर करते है तब खरमास की अवधि रहती है। इस दौरान सूर्य के तेज से सभी मांगलिक कार्यों के कारक ग्रह बृहस्पति का शुभ प्रभाव कम हो जाता है।

उन्होंने बताया कि खरमास प्रभु विष्णु को समर्पित होता है। ऐसे में एक माह तक रोजाना विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। इसके साथ ही श्रीमद्भगवत गीता का पाठ करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

### खरमास में मनेगी होली और चैत्र नवरात्र

ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री के मुताबिक, इस साल खरमास काफी शुभ माना जा रहा है। इस बार 17 मार्च से होलाष्टक लग जाएंगे। 25 मार्च को चंद्र ग्रहण, होली और नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्रि का पर्व खरमास के दौरान ही पड़ रहा है। इस दौरान पूजा-पाठ करना काफी शुभ माना जाता है। खरमास की अवधि में सूर्य की पूजा, गाय की सेवा, दान-पुण्य और मंत्र-जाप जरूर करना चाहिए।

# संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला युवती का शव

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** संदिग्ध दशा में युवती का शव खेत में लगे पेड़ में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले प्रेम प्रसंग की बात कहते हुए मोबाइल की काल डिटेल के सहारे जांच में जुटी है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के बेरी गांव का है। यहां के निवासी स्व. रामकमल वर्मा की बेटी रुमल वर्मा (19) का शव बुधवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ में रस्सी के फंदे लटकता हुआ ग्रामीणों ने देखा। इसकी सूचना पुलिस के साथ परिजनों को दी।

इस पर थाने के एसएसई सतीश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद युवती के शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का होने की बात सामने आई है। मोबाइल के कॉल डिटेल को खंगाला जा रहा है।

# नर्तकी समेत दो की हत्या में सगे भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

## 12 वर्ष पहले वैवाहिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम के दौरान हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वैवाहिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम के दौरान अभद्रता का विरोध करने पर नर्तकी व एक अन्य की हत्या करने के अभुयकसगे भाइयों समेत तीन अभियुक्तों को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी मानते हुए 35-35 हजार रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मामला मोहल्लापुर खाला थाना क्षेत्र के बिझला गांव का है। यहां पर 26 मार्च 2012 को तिलक समारोह के दौरान गांव के ही राम चंदर अपने भाई रूद्दी और शंकर के साथ रंगारंग कार्यक्रम के दौरान नर्तकी अनीता के साथ अभद्रता करने लगा। इसका प्रदीप ने विरोध किया। इस पर तीनों ने जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। आनन-फानन में गोली लगने से घायल प्रदीप और नर्तकी अनीता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दोनों की मौत हो गई। मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने रामचंदर, रूद्दी और शंकर पर जानलेवा हमला, हत्या व छेड़खानी का केस दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन थानाध्यक्ष अंबर सिंह ने साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर रामचंदर, रूद्दी और शंकर को दोषी मानते हुए 35-35 हजार रुपये के अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 10 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी एक पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सराय सैफ निवासी राजेश उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। उसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण के साथ बयान दर्ज किए। विवेचक ने वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राजेश को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## अर्थदंड से पांच मामले निस्तारित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में बुधवार को अदालतों ने जुर्माने के साथ पांच मामले निस्तारित किये। रामनगर थाने में दर्ज मारपीट मामले में शफीक, नफीस, फूलबाबू, नूरबाबू, जावेद व याकूब को अदालत ने पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनायी। नगर कोतवाली में लापरवाही से गाड़ी चलाकर घायल करने के मामले में संजय को दो सौ जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। नगर कोतवाली में आबकारी अधिनियम में जितेन्द्र को अदालत ने दो हजार अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा दी। लोनीकटरा में आबकारी अधिनियम में रामरूप को 2,100 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा दी। देवा थाने में अश्लील हरकत करने के मामले में श्यामू मिश्रा को अदालत ने पांच सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया।

## सार-संक्षेप

### पारंपरिक तरीके से हुई स्कूल के नए सत्र की शुरुआत



बच्चों का स्वागत करतीं स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. फरजाना शकील।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रिपोर्टकार्ड और प्रशस्ति पत्र वितरण के बाद कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर में नये सत्र की शुरुआत हुई। इस मौके पर बच्चों का स्वागत किया गया। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. फरजाना शकील अली ने आगामी सत्र में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस सत्र में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय प्रबंध समिति ने नर्सरी से कक्षा 8 तक प्रवेश शुल्क पूर्णत: माफ कर दिया है।

### शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा में कथा वाचक उमेश महराज ने बुधवार को शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा वाचक ने कहा कि जिस के मन में छल कपट होता है, वह कभी शिव को प्राप्त नहीं कर सकता। जिसका मन पवित्र है वहीं शिव का वास है। उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। इस मौके पर कथा आयोजक श्रवण कश्यप, सुरजन सिंह, राकेश कश्यप, सुभाष कश्यप राजमल रावत, सोनापति सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### कांशीराम की 90वीं जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**बाराबंकी : अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को कांशीराम की 90वीं जयंती मनाने को लेकर बैठक की। जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम ने कहा कि कांशीराम की जयंती जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर विजय कुमार, पूर्व राज्यमंत्री अरविंद यादव, जिला महासचिव दिग्विजय सिंह गौतम, पीपी गौतम, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार गौतम, जिला पंचायत सदस्य नौमी लाल फौजी, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी तुलसी प्रसाद गौतम, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, शाह आलम रिजवी, मनीष गौतम सभासद, राहुल कुमार, नौमी लाल, विजय कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बीडीओ ने किया पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ के बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने पशु आश्रय स्थल जमीन हुसैनाबाद का बुधवार को औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बीडीओ ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं के लिए पीने के लिए पानी, धूप से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में टिन शेड, हरा चारा, इलाज के लिए मौजूद डाक्टरों की टीम आदि की व्यवस्था देखी। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि जमीन हुसैनाबाद सोनू सिंह भी मौजूद रहे। इस पशु आश्रय स्थल में वर्तमान समय में 525 पशु संरक्षित हैं।


संपर्क मार्ग का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व मौजूद अन्य लोग।

### विकास व विरासत को संरक्षित कर रहा नया उत्तर प्रदेश:शर्मा

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को पूरेडलई ब्लाक के दुर्जनपुर में संपर्क मार्ग पर सीसी रोड का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को भी संरक्षित करता है। चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाएं चलायी हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लालमोहन निषाद, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, राम अक्षयबर लोधी, युगुल किशोर शुक्ल, राकेश शुक्ला, विकास जायसवाल, राम आधार रावत, दौलत राम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीणों का मतदान बहिष्कार का एलान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ से भाजपा विधायक दिनेश रावत को लेकर जनता का गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों ने मतदान न करने का ऐलान किया है। यही नहीं उन्होंने मतदान बहिष्कार के लिए पोस्टर बैनर लगाकर प्रदर्शन भी किया। गंजरिया गांव के लोगों का आरोप है कि उनके गांव की सड़क करीब 10 सालों से नहीं बनी। थोड़ी सी बारिश में भी रास्ते में पानी भर जाता है। विधायक दिनेश रावत का कहना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बनने के दौरान भारी वाहनों के निकलने के चलते क्षेत्र की तमाम सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। अब क्षेत्र की सड़कें सही कराई जा रही हैं।

# नेहरू-लियाकत समझौते का भी था सीएए वाला आधार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार:** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने बुधवार को कहा कि 1950 में हुआ नेहरू-लियाकत समझौते का आधार भी वही था जो वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लागू सीएए कानून का है। नेहरू लियाकत समझौता पड़ोसी मुल्क के मुकर जाने से सफल नहीं हो सका, पर वर्तमान सरकार में वही कानून सफलता से लागू हो गया। इस कानून से देश के अल्पसंख्यको को रत्ती भर डरने या घबराने की जरूरत नहीं है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि लियाकत अली खान जब पाकिस्तान के प्रधान मंत्री थे उन्होंने और भारतीय प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1950 में दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे आमतौर पर नेहरू-लियाकत समझौता कहा जाता है। समझौते में एक-दूसरे के क्षेत्रों में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हस्ताक्षर किए गए थे। नेहरू-लियाकत समझौते के तहत, जबरन धर्मांतरण को मान्यता नहीं दी गई। हालांकि, पाकिस्तान जल्द ही अपने वादे से मुकर गया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने नगर में चल रहे विकास कार्यों का बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले सुभाष वार्ड में बन रहे अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचकर कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद बछरावां रोड पर स्थित नवनिर्मित टैक्सी स्टैंड पर पहुंचकर हो रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया व भटखेरा वार्ड में स्कूल की बाउंड्री वॉल देखी। इन सभी कार्यों की प्रगति देखकर वे संतुष्ट नजर आए।

# अखिलेश ने युवाओं के लिए किये कई कार्य : राणा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन के नेतृत्व और अध्यक्षता में बुधवार को समाजवादी युवजन सभा बाराबंकी का संगठन विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राम सिंह राणा ने संगठन विस्तार की घोषणा के दौरान कहा कि यह समय युवाओं का है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद युवा हैं। उन्होंने युवाओं के लिए मुख्यमंत्री रहने के दौरान यादगार कार्य किए। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के 31 पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित दिया गया। इस मौके पर पर सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, डॉ कुलदीप सिंह, हिमांशु यादव, अजय कुमार वर्मा बबलू, शाफे जुबेरी, संयम जैन, रोहित कश्यप, आकाश यादव, दानिश सिद्दीकी, मनोज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


राम सिंह राणा को सम्मानित करते सपा युवजन सभा के पदाधिकारी।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।
2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।
6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं
7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।
9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।
10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।
4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।
5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।
8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली-8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग़ | 2 रू | र | | | | |
| | ढ़ि | | 3 छे | 4 द | ना | |
| | वा | | | रा | | 5 ढूँ |
| | 6 द | 7 म | बा | ज़ | | गा |
| 8 आ | | ज़ | | | 9 कॉ | |
| ल | | बू | | | म | |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | |

## सुडोकू-88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू-87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23.25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 16.56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष:** आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन:** आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क:** आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह:** आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या:** आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला:** आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर:** आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ:** आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन:** आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- खिलाड़ी — सुबह : 11.00
- धड़कन — दोपहर : 03.00

**Sony Pix**
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
- जुमांजी — रात : 08.45

**Sony Max**
- जब तक है जान — सुबह : 11.11
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.30

**Zee Cinema**
- फोबिया — सुबह : 10.30
- कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13.24
- कमबख्त इश्क — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात 10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।



# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## प्रगति की ओर अग्रसर



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है**

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

**"माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।**

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखण्ड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।



ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

इसके अलावा, उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर

**उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थ यात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

करती है। इन प्रयासों के चलते उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखण्ड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है। केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रृद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातें श्रृद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखण्ड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखण्ड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है। बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखण्ड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूँ।

**"मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।**

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है**

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृति क विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या 'देवभूमि' के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड श्रृद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखण्ड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को 'वेड इन इंडिया' अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखण्ड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भू-भाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपने विवाह को अविस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टिहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्राचीन मंदिरों में कर सकते हैं। जो बातें उत्तराखण्ड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती है,



वह न केवल इसके आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखण्ड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांति कुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, टिहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ा खाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखण्ड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखण्ड सर्वोत्तम योगाभ्यास, रोमांचक खेल और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

## धार्मिक वैभव को पुनर्जागृत करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**



उत्तराखण्ड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। उत्तराखण्ड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं है, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है। इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।



गिरिजा देवी मंदिर

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमि का अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी। पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखण्ड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।

### मानसखंड एक्सप्रेस

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देशभर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखण्ड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखण्ड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।



बैजनाथ



बागनाथ मंदिर



गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब



जागेश्वर धाम मंदिर



कसार देवी मंदिर

## एक नजर

### पिकअप के टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे अमावां गांव निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र छीटू प्रसाद बाइक से किसी काम से गया था। वापस जाते समय एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय में निर्माण करा रहे शिक्षक पर हमला

**रायबरेली, अमृत विचार :** विद्यालय निर्माण करा रहे शिक्षक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला सरेनी थाना क्षेत्र के बेमौरा महेश खेड़ा स्थित कंपोजिट विद्यालय का है। यहां तैनात शिक्षक संतलाल निर्माण के लिए नीव खोदवा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के एक परिवार ने विरोध करते हुए हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर जाला निवासी श्रीमती पत्नी धुन्नी पासवान ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र अखिलेश बाइक से भट्टे पर काम करने जा रहा था। तभी उमरामऊ निवासी सुनील सिंह पुत्र महिपाल सिंह गांव के पास ही साइकिल लेकर उसके पुत्र की बाइक के सामने आ गया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला का कहना है कि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। लालगंज पुलिस ने बाइक चालक अखिलेश की मां की शिकायत पर साइकिल सवार सुनील सिंह के खिलाफ दुर्घटना की धाराओं में मामला पंजीकृत किया है।

# धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**आस्था**

▶▶ चेयरमैन ने किया श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**परशदेपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार :** पीले धार्मिक परिधान में सुसज्जित कलश लिए महिलाएं, रथ पर विराजमान कथा व्यास, रास्ते में फूलों की वर्षा, डीजे की धुन पर भक्ति गीतों पर थिरकते युवा। ये दृश्य श्रीमद्भागवत कथा शुरू होने से पूर्व निकली कलश यात्रा में दिखाई पड़े जिनसे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

कस्बे के महावीरन मुहल्ले में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। बुद्धवार को पीले वस्त्रों में सुसज्जित कलश लेकर महिलाओं ने महावीरन मुहल्ले से यात्रा निकाली। चेयरमैन विनोद कौशल सिर पर श्रीमद्भागवत रखकर आगे चल रहे थे। डीजे की धुन पर कलश यात्रा माता मिढुरिन मंदिर पहुंची। जहां पर विधिवत पूजन भी किया गया। इसके बाद मुख्य चौराहे होते हुए कलश यात्रा सई नदी पहुंची। वहां से जल भरकर वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। जहां पर मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराई गई। कलश यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा मन का शुद्धिकरण होता है।

कलश यात्रा में धर्मेश महाराज, गुड़िया कौशल, अजय कौशल, सतीश कौशल, संतोष कौशल, रामू कौशल, कमल चंद्र वैश्य, केतन कौशल, हरिश्चंद्र, महेंद्र माही, विनोद कुमार सहित अन्य रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# रामलला की शान बढ़ाएगा नगाड़ा

## मध्य प्रदेश से रामनगरी पहुंचा नगाड़ा, दावा-विश्व का सबसे बड़ा होने का

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामलला को देश भर से तरह-तरह से विशेष उपहार मिल चुके हैं। इसी क्रम में बुधवार को 1100 किलो का नगाड़ा अयोध्या पहुंचा। जिसकी गोलाई 33 फिट और ऊंचाई 6 फिट है। इसकी गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई देगी।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले से शिव बरात जन कल्याण समिति का समूह नाचते-गाते और धार्मिक जय घोष करते बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचा। रामसेवक पुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नगाड़ा सौंपा। समिति का दावा है कि यह विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा है। इसका गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। समिति के सचिव प्रतीक मिश्रा ने बताया कि तीन माह में तैयार हुए इस नगाड़े की रचना में अलीगढ़, कानपुर और प्रयागराज के कारीगर शामिल थे।इसमें मुस्लिम कारीगरों ने भी योगदान दिया है। जो अपने आप में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है।



कंटेनर से नगाड़े को क्रेन से उतारा गया।



अपने हाथ में लिखाए राम नाम दिखाता युवक।

### प्लाइवुड बोर्ड पर नक्काशी लिखित हनुमान चालीसा की भेंट

**अयोध्या कार्यालय।** उड़ीसा के गंजम जिले से आए अरुण कुमार ने छह फुट नौ इंच के प्लाइवुड बोर्ड पर हनुमान चालीसा नक्काशी द्वारा लिखित पठशिला बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। भक्त अरुण कुमार ने बताया कि इसको बनाने में तीन महीने लग गए। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि जन्मभूमि परिसर में अनेक मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है। परिसर में हनुमान मंदिर भी बन रहा है। यह पठशिला वहां रखाई जाएगी।

### सिंगापुर के युवक ने शरीर पर गुदवाया 108 बार राम नाम

**अयोध्या कार्यालय।** सिंगापुर से आए प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज में रामलला के प्रति अनोखी भक्ति देखने को मिली है। उन्होंने अपने दाएं हाथ में राम-नाम गुदवा लिया है। दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम और हनुमान जी का टैटू बनाकर दुनिया भर के युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। विजय ने बताया कि वह वृंदावन के मूल निवासी हैं। कई वर्षों से सिंगापुर में रह रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या आए हैं। कहा कि बचपन से ही भगवान राम के प्रति आस्था है। जिस प्रकार से लोग भगवान के नाम को जपने के लिए माला की 108 गुरियों का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार मैं ने अपने दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम अंकित कराया है।

### रामलला के दर्शन के लिए पास की कोई व्यवस्था नहीं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के दर्शन के लिए कोई वीआईपी पास की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए अलर्ट जारी किया है। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमें आशंका है कि विशिष्ट दर्शन के लिए कुछ लोग निर्धारित शुल्क लेकर पास का इंतजाम कराने की बात कर रहे हैं। यदि कोई शुल्क लेकर पास दिलाने की बात करता है तो सावधान हो जाएं। ऐसे में वो धोखाधड़ी का शिकार हो सकता है। मंदिर प्रबंधन का इससे कोई संबंध नहीं है। ट्रस्ट के अनुसार वर्तमान समय में रोज करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आरती और सुगम दर्शन कराए जाने को लेकर सूचना जारी की है। भक्त मंदिर में सुबह 6 :30 बजे से लेकर रात 9 :30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकते हैं। ट्रस्ट ने बताया कि राम जन्मभूमि मंदिर में प्रवेश करने से लेकर, दर्शन कर बाहर आने तक की प्रक्रिया अत्यंत सरल व सुगम है। सामान्यता 60 से 75 मिनट में रामलला सरकार के दिव्य दर्शन हो जाएंगे। दर्शनार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि मंदिर में फूल-माला, प्रसाद न लाएं। मंदिर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालु अपना मोबाइल, जूते-चप्पल, पर्स आदि परिसर के बाहर ही रखें।

# मतदान को लेकर किया जागरूक

**सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार :** नगर के सर्वोदय विद्या पीठ कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक कर उन्हें मतदान संबंधी जानकारी दी गई।

नायब तहसीलदार अंकुर यादव ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की जानकारी देते हुए कहा की लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बड़ा बहुत महत्व है। इसके माध्यम से जनता शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि मतदान से देश की प्रगति में योगदान मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। इसके साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान का हिस्सा बनने की अपील भी की। राजकीय इंटर कालेज डीह प्रधानाचार्य रजनीश यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने मोहल्ले गांव में आसपास के लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही है। सर्वोदय पीजी कालेज के प्रोफेसर प्रदीप सिंह द्वारा 18 वर्ष पूरा कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई है। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य अमित भारती, मिथलेश वर्मा, अजय यादव आदि मौजूद रहे।



पुरस्कृत बच्चे और मौजूद शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### गलत तरीके से नौकरी कर रहे युवक पर कार्रवाई की मांग

लालगंज, रायबरेली ।अमृत विचार। क्षेत्र में रेल कोच निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों को जमीन के बदले रेल विभाग ने नौकरी दी थी। वही कुछ लोगों ने बंजर भूमि को अपने नाम फर्जी तरीके से दर्ज करा कर नौकरी हथिया ली थी। रेल कोच में जमीन जाने के चलते बन्नामऊ निवासी कुलदीप सिंह पुत्र बलवान सिंह को भी रेलवे में बंजर भूमि के बदले नौकरी मिली थी। युवक के खिलाफ उसके ही गांव के विजय प्रताप सिंह पुत्र लालमाधव सिंह ने राजस्व विभाग सहित रेलवे में शिकायत की है। विजय प्रताप सिंह का कहना है कि कुलदीप सिंह ने बंजर भूमि को फर्जी तरीके से अपने नाम करा कर रेलवे में नौकरी हासिल की है। शिकायत के बाद तहसील प्रशासन लालगंज ने अभिलेखों की जांच की तो मामला बंजर जमीन के बदले नौकरी करने का सामने आया है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने मामले की जांच करने के बाद जिलाधिकारी को आख्या भेजा है। शिकायतकर्ता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अब वे मामले की शिकायत रेल मंत्री और प्रधानमंत्री से करेंगे।

# समूह की महिलाओं को डीएम ने दिया कार्यादेश

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार :** समूह की महिलाएं घरों से निकलकर शहर के विकास में भी योगदान देने के लिए दावेदारी पेश कर चुकी हैं। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से निर्मित ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र के संचालन के लिए चार समूह महिलाओं का चयन कर बुधवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा संचालन का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। इन समूह की महिलाओं को लखनऊ निदेशालय से आए विशेषज्ञों की देखरेख में संयंत्र के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है।



समूह की महिला को पत्र देती जिलाधिकारी हर्षिता माथुर। अमृत विचार

ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र का निर्माण जल निगम की ओर से अमृत योजना के तहत लगभग 4.7 करोड़ की लागत से किया गया है। इस संयंत्र में शहर के जिन मोहल्लों व वार्डो में सीवर लाइन नही है, उस क्षेत्र के भवन स्वामियों के सीवर टैंक में एकत्रित होने वाले ठोस अपशिष्ट को निकालकर इसमें एकत्रित कर उर्वरक तैयार की जाएगी। इस उर्वरक से किसानों को अधिक अन्न उत्पादन में मदद मिलेगी वही भवन स्वामियों को भी ठोस अपशिष्ट के निस्तारण की चिंता से राहत मिलेगी। संयंत्र के संचालन की कमान महिलाओं को सौंप दी गई। श्री कृष्णा स्वयं सहायता समूह की अनीता साहू, पूजा समूह स्वयं सहायता समूह की शांति मिश्रा, वीर स्वयं सहायता समूह की सपना व आंशका सहायता समूह की पूनम को संचालन की कमान सौंप दी है। यह जानकारी परियोजना निदेशक शशि कुमार मेहरोत्रा ने दी। शहर मिशन प्रबंधक नेहा श्रीवास्तव ने कहा पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ज्यादा लगन से इसका संचालन व रख-रखाव कर सकती है।

# गोलाघाट तक सड़क निर्माण शुरू

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ऐतिहासिक गोलाघाट को जोड़ने वाली लगभग एक किमी जर्जर सड़क का निर्माण मंडी समिति की ओर से शुरू हो गया है। प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर बांधा बैरी से गोलाघाट तक डामर रोड बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे स्नानार्थियों को घाट तक पहुंचने में सहूलियत होगी। बुधवार को मंडी समिति से शहजाद पुर ग्राम पंचायत के बांधाबैरी से गोलाघाट तक बनने वाली जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिसका शुभारंभ शहजादपुर प्रधान प्रतिनिधि मिश्री लाल फौजी ने नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने बताया कि बांधा बैरी से गोलाघाट तक करीब एक किमी सड़क काफी जर्जर हो गई थी। जिसके लिए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह से इसके डामर रोड के पुनर्निर्माण का अनुरोध किया गया था। अब राज्यमंत्री के निर्देश पर मंडी समिति ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रधान प्रतिनिधि ने मंत्री महोदय का आभार जताया है। बताते चलें कि बांधा बैरी से गोलाघाट तक सड़क जर्जर हो गई थी। जिससे स्नानार्थियों को घाट तक पहुंचने में दिक्कतें आती थी। अब लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। इस दौरान महेंद्र प्रताप सिंह, हरीलाल, राम प्रताप, दीपक पंडा मौजूद रहे।



बांधा बैरी से गोलाघाट तक सड़क निर्माण कराते कर्मचारी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानो द्वारा विभिन्न जनपदों के प्रमुख नगरों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डलमऊ नगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मिलकर कस्बे के विभिन्न मार्गो पर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल द्वारा डलमऊ कस्बे के घनी आबादी एवं संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया। चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो किसी की खैर नही होंगी। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानो द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया।

### अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



ऊंचाहार क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर फ्लैग मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। बुधवार की दोपहर कोतवाल अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में जमुनापुर चौराहा, खरौली तिराहा, सवैया तिराहा, बाबूगंज तथा एनटीपीसी गेट नम्बर 2 के पास पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के सौ से अधिक जवानों ने फ्लैग मार्च किया। कोतवाल ने सभी से लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इसके अलावा अनाउंसमेंट के माध्यम से सौहार्द बनाये रखने तथा प्रशासन के सहयोग की भी बात कही गई, और चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले अराजकतत्वों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस मौके पर उपनिरिक्षक मोहित देओल समेत पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के जवान मौजूद रहे।

### बेरोजगार युवक-युवतियों को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर



प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवती को प्रमाण-पत्र देते डायरेक्टर मनीष प्रजापति।

**रायबरेली, अमृत विचार :** एलसीआई कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से 18 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र मुराई बाग में इंस्टिट्यूट खोलकर क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 प्रतिभागियों को आईसीआई कंप्यूटर में प्रमाण पत्र वितरण डायरेक्टर मनीष प्रजापति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमाण पत्र पाने वाले प्रतिभागी सुमित कुमार, हिमांशु सिंह, खुशबू, कोमल, अंशिका, अर्चना पाल, अनामिका, कामिनी, अल्पना, अंशिका आदि शामिल रहे। गांव स्तर पर शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को संस्थान द्वारा प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

# गला घोंटकर की गई थी शटरिंग ठेकेदार की हत्या

**रिपोर्ट में खुलासा**

**शिवगढ़,रायबरेली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गंगाखेडा मजरे बहादुर नगर में शटरिंग ठेकेदार की हत्या गला घोट कर की गई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर हुआ है, पुलिस हत्यारे की तलाश में जुट गई है।

मंगलवार सुबह शटरिंग ठेकेदार सहजराम का शव गांव से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर सरसों के खेत में पड़ा मिला था। पत्नी सन्नो देवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बुधवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया कि शटरिंग ठेकेदार की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस की मौजूदगी में उक्त गांव में शटरिंग ठेकेदार का अंतिम संस्कार कराया गया। 24 घंटे बीतने को है लेकिन पुलिस अभी तक कातिलों तक नहीं पहुंच पाई है। गांव के लोगों की माने तो पुलिस शटरिंग ठेकेदार के साथ काम करने वाले कई लोगों को हिरासत में लेकर छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक गला घोटकर हत्या की गई है।

# स्वास्थ्य विभाग और समाज के बीच की कड़ी हैं आशाएं

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए बुधवार को आशा सम्मेलन आयोजित किया गया। एफजी कॉलेज के आडीटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किया। कहा कि आशा कार्यकर्ताएं स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच की कड़ी हैं। सम्मानित होने वाली आशा कार्यकर्ताओं से उनके अन्य साथियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।



आशा बहू को पुरस्कृत करतीं राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने कहा की आशा हमारे जीवन की और स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों की आशा है। इन्हीं के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाते हैं। इस दौरान ब्लॉक स्तर पर विभिन्न मानकों पर प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली आशा बहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आशा को पांच हजार रुपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली को तीन हजार और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली आशा को एक हजार रुपये की धनराशि उसके खाते में स्थानांतरित कर सम्मानित किया गया। संगिनी भी सम्मानित की गईं। इस दौरान पूजा यादव मुख्य विकास अधिकारी, रामलाल अकेला पूर्व विधायक, शरद कुमार त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी, जयपाल वर्मा जिला प्रोबेशन, डॉ. राधा कृष्ण अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ निर्मला साहू मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ पीके बैसवार, नगरी स्वास्थ्य समन्वय विनय पांडे मौजूद रहे।

**आयोजन** — ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

# छात्र-छात्राओं ने दी नृत्य व योग की प्रस्तुति

**सरेनी, रायबरेली**

**अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र में समग्र शिक्षा के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से अवगत कराने एवं जनसमुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनुश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी-निकाय सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष व प्रधानाध्यापकों का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. अनिल सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय सिंह व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रामू सिंह ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. अनिल सिंह व अन्य।

सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कम्पोजिट विद्यालय दौलतपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेमचक की छात्राओं ने शिक्षक सुनील सिंह व पूजा वर्मा के निर्देशन में दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट रूप से प्राथमिक विद्यालय सोतवा खेड़ा के छात्रों द्वारा भारतीय नृत्य व प्राथमिक विद्यालय लालपुर की छात्राओं द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। मिशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान बसंत सिंह, सुशील सिंह, पिंटू पटेल, पप्पू सिंह, सुनील कुमार, ऋतुराज सिंह आदि को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। एआरपी आनन्द प्रकाश तिवारी, डा.यज्ञदत्त शुक्ला द्वारा निपुण भारत मिशन डीबीटी, मिशन कायाकल्प आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक हमारे लिये सर्वदा पूज्य रहे हैं और इन्ही शिक्षकों पर बच्चों का भविष्य निर्भर है तथा हम सभी को मिलकर निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाना है। इस दौरान शिक्षक भीम सिंह, एआरपी जितेन्द्र सिंह पटेल, विमल किशोर विक्रम, सचिन कुमार, सौरभ, हिमांशु, दीपिका आदि मौजूद रहे।

# क्वालिटी शिक्षा ही एसजेएस की पहचान

**रायबरेली, अमृत विचार :** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षा में सभी मेधावी छात्र और छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। स्कूल में संचालित मृदंग संगीत अकेडमी के बच्चों की तरफ से नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि कड़ा अनुशासन सफलता की कुंजी है। एसजेएस की पहचान अनुशासन और क्वालिटी शिक्षा है। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ.बीना तिवारी ने आए हुए समस्त अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि जिन बच्चों ने वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके लिए उनके माता पिता भी बधाई के पात्र है। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव( प्रशासन) अग्रज सिंह, संयुक्त सचिव डॉ.अनुश्री सिंह, एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव( वित्त) अनुज सिंह, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह ने समस्त मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए। जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ज़िया सिद्दीकी और शशांक सिंह चौहान ने किया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112




तीसरा रोजा

शिया
सहरी : 4:43 बजे
इफ्तार : 6:24 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:51 बजे
इफ्तार : 6:14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### बीएमपीएस प्रबंधन का बालिकाओं को तोहफा

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** बैसवारा क्षेत्र के शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में नवीन सत्र में बालिकाओं के प्रवेश पर शुल्क पूर्ण रूप से माफ रहेगा। बीएपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि विद्यालय खोलने का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ सेवा भाव भी है। बीएमपीएस प्रबंधन अपनी विशिष्ट शैक्षिक कार्य शैली के लिए जाना जाता है। अभिभावकों से आग्रह किया है कि इस अवसर का लाभ उठाएं। यह जानकारी विद्यालय के पीआरओ यश बहादुर यादव ने दी है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** गोविंदपुर वलौली निवासी दिनेश दिवाकर पुत्र राम धार की शिकायत पर पुलिस ने बेहटा चौराहा निवासी दीपक पुत्र रामलखन, रानीपुर निवासी शिवेंद्र यादव, कुम्हरौड़ा निवासी अभिषेक सिंह, छोटू सिंह, मयंक दीक्षित और हरीपुर निवासी सूरज सिंह के खिलाफ मारपीट के आरोप में दलित एक्ट का मामला दर्ज किया है। बताया कि वह बाइक से बेचू का पुरवा निमंत्रण में गया था। रास्ते में रोककर आरोपियों ने उसे जाति सूचक गालियां दी और मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की विवेचना सीओ द्वारा की जा रही हैं।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी सम्मानित

**आयोजन**

▸▸ किसान मोर्चे की ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर हुई किसान गोष्ठी

लालगंज, रायबरेली



ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम में अतिथियों को हल देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसानों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा शुरु की गई ग्राम परिक्रमा यात्रा सरेनी विधानसभा के गांव ऐहार पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा हल व गौ पूजन कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व भाजपा के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनित उर्फ चंदन त्रिवेदी की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शुभम त्रिपाठी रहे।

कार्यक्रम में किसान-मजदूर और सभी वर्गों के लोगों को मोदी और योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सहायता राशि के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। किसान मोर्चा के जिला संयोजक और जिला महामंत्री शरद सिंह ने कहा कि किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए यह यात्रा शुरु की गई है, ताकि कोई भी किसान सरकार की इस योजना से वंचित न रहे। किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष और अभियान प्रभारी पूर्व प्रधान उमेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य हर किसान को उसका हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान शिखर पर पहुंच गया है। सरकार ने किसानों को अन्नदाता माना है और अन्नदाताओं के उत्थान के लिए सरकार कार्य कर रही है। मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी ने कहा कि आज प्रदेश विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है। सरकार ने सड़कों का जाल बिछा दिया है। किसानों के लिए हर प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार की भारी कमी आयी है। इस अवसर पर अवनीश पांडे, विकास तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# 350 आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

## ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है 3 अप्रैल

संवाददाता, रायबरेली



शरद कुमार त्रिपाठी।

**अमृत विचार:** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में बहुप्रतीक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती को हरी झंडी मिल गई है। जिले के सभी ब्लॉकों में चयन किया जाएगा। इसके लिए अंतिम तिथि का निर्धारण भी कर दिया गया। इससे पहले भी यह प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन पूरी नहीं हो सकी। शहरी व ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गए हैं। जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण जारी कर दिया गया है। शहरी परिक्षेत्र के लिए शहर परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री का एक पद रिक्त है।

वहीं ग्रामीण परिक्षेत्र के लिए राही, लालगंज एवं दीनशाह गौरा परियोजना में 5, हरचन्दपुर एवं बछरावा में 43, शिवगढ़ में 8, सतांव एवं अमावां में 10, महराजगंज में 40, खीरों में 15, ऊंचाहार में 21, जगतपुर में 4, रोहनिया एवं छतोह में 9, सलोन में 46, सरेनी में 35, डलमऊ में 34 तथा डीह में 7 समेत 350 आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद रिक्त हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उपरोक्त पदों का ग्रामसभा व वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खंड आदि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतम तिथि 3 अप्रैल है।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट, छह लोग घायल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार:** बुधवार को सुबह क्षेत्र के गांव लंगड़ाखेड़ा मजरे गोनामऊ में घूरा की जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों की दो महिलाएं, दो युवतियां और दो युवक सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराया है।

एक पक्ष की पीड़िता मीना देवी ने आरोप लगाया कि उसकी पैतृक भूमि पर उसका वर्षों से घूरा पड़ता है। रोज उसी घूरे में कूड़ा करकट डाला जाता है। घूरे तक जाने के लिए पड़ोसी विजयभान पुत्र गंगा प्रसाद के दरवाजे से रास्ता है। बुधवार को विजयभान ने रास्ता बन्द कर उसके घूरे की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। विरोध करने पर विजयभान, उनके भाई जीतू, केशन और परिवार के नन्हकऊ पुत्र सूर्यबली ने उसके घर में घुसकर गाली देते हुए मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर बेटे प्रांसू व बेटी सीता को भी पीटा। दूसरे पक्ष से विजयभान पुत्र गंगा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी हरिशंकर उसके घूरे को अपना बताकर उस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर हरिशंकर की पत्नी मीनादेवी और बेटे प्रान्सू, बेटी सीता ने धमकी देते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आई भाभी मंजू और भतीजी कोमल को भी पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों पक्षों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान



साफ-सफाई अभियान में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत जेपीएस महाविद्यालय प्रेमानगर, इचौली के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री झारखंडेश्वर महादेव मंदिर शेखपुर समोधा में मंदिर के आसपास तथा मंदिर में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बीपी पाल, कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव, कार्यक्रम प्रभारी देवराज सिंह, ग्राम प्रधान शेखपुर समोधा गया प्रसाद यादव, रामकेश मौर्या, विवेक सिंह, भोला सिंह अनुसुइया सहित महाविद्यालय की सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सभी के प्रति मन में प्यार और सम्मान होना जरूरी



सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन द्वारा एक लान में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए साधु संगतो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बुधवार को जगतपुर के संत निरंकारी मिशन की ओर से जगतपुर के एक लान में आयोजित सत्संग की अध्यक्षता महात्मा विजय बहादुर ने की। उन्होंने कहा कि आज हम सभी यहां भक्ति भाव में एकजुट होकर इस प्रभु परमात्मा का यशोगान गुणगान करके इस मन को आनंदित कर रहे हैं। अगर सिर्फ शब्दों से परमात्मा के सामने विनम्र होंगे झुकाव बनकर रहेंगे और हमारे मन में हमारे कर्म में झुकाव नहीं आएगा तो फिर वह जीवन आनंदित नहीं बन पाएगा। ज्ञान प्रचारक बसंतलाल ने आए हुए साधु संगतो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामप्रसाद, रामदेव, चंद्रपाल, राम लखन, महादेव, संजय कुमार, कमल, ऊषा, कर्मावती, रानी, बबीता, रजनी, अंजलि, मिथिला सहित आदि साध संगत मौजूद रहे।

### एआरटीओ प्रवर्तन ने तीन वाहनों को किया सीज



लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर वाहनों को सीज करने की कार्रवाई करते एआरटीओ प्रवर्तन।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर एआरटीओ प्रवर्तन ने बिना रजिस्ट्रेशन व ओवरलोड तथा बिना कामर्शियल रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे तीन वाहनों को सीज कर दिया। बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह ने जगतपुर के लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर बिना रजिस्ट्रेशन के फर्राटा भर रही पिकप व ईंट से लदी ट्रैक्टर ट्राली तथा ओवरलोड अशोक लीलैंड को सीज कर दिया। एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तीन वाहनो को सीज कर जगतपुर थाने में पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया।

### हरचंदपुर विधायक ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद



पीड़ित परिवार से जानकारी लेते विधायक राहुल लोधी।

**रायबरेली, अमृत विचार :** खीरों थाना क्षेत्र के नुनैरा ग्रामसभा निवासी कृपाशंकर पासवान ने बीते दिनों ईंट-भट्ठे पर शव लटकता मिला था। बुधवार को हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने मृतक के घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। साथ ही हरसंभव मदद करने का भरोसा लिया। इस दौरान आर्थिक मदद देते हुए प्रशासनिक सहयोग के लिए सक्षम अधिकारियों से बातचीत करने की बात कही। हरचंदपुर विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों के सुख और दुख में सदैव साथ खड़ा रहूंगा। पीड़ित परिवार को मदद दिलाने के लिए जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करूंगा।

# जयमाल के बाद दूल्हा व बाराती चुपके से फरार

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार :** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चक देबीदीन जनता बाजार मजरे गौरा रुपई के कमला किशोर त्रिवेदी की पुत्री का विवाह था। कमला किशोर ने आए हुए सभी बरातियों को भोजन कराया। सायंकाल भी त्रिवेदी परिवार के द्वारा बारातियों की खूब आव भगत की गई। सोमवार को सुबह बारात आ गई थी लेकिन किसी बात को लेकर बाराती और वर पक्ष दुल्हन को बिना विदा कराये ही भाग निकले।

लालगंज पुलिस से हुई शिकायत के अनुसार चक देवीदीन मजरे गौरा रुपई के कमला किशोर त्रिवेदी की पुत्री नेहा का विवाह नारायण पांडे पुत्र सत्यवान पांडे निवासी जसपुरा छत्तीसगढ़ के साथ तय हुआ था। अगवानी के बाद जयमाल का कार्यक्रम शुरू हुआ। जयमाल के बाद बस से आए कुछ बाराती वापस छत्तीसगढ़ के लिए चले गए। दूल्हा सहित 5-6 लोग दुल्हन विदा कराने के लिए रुके थे। वही जयमाल के बाद किसी बात को लेकर दूल्हा और उसके परिजन नाराज हो गए। जिन्हें मनाने की परिवार के लोगों ने कोशिश की, लेकिन दूल्हा नारायण पांडे और उसके पिता सत्यवान पांडे ने कहा कि वह लोग जनवासे में बैठकर बातचीत कर रहे हैं, थोड़ी देर में वापस आते हैं। इस बीच मौका पाकर स्कॉर्पियो जीप में बैठकर दूल्हा सहित शेष बचे बाराती बिना दुल्हन को विदा कराए ही वहां से भाग गए। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# कथा सुनने को उमड़ी भक्तों की भीड़



कथा का रसपान करते भक्त। अमृत विचार

महराजगंज रायबरेली

**अमृत विचार :** कस्बे में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों की संख्या बढ़ती ही देखी जा रही। कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित कृष्ण दास ज़ी महराज ने परीक्षित को मिले श्राप, सुखदेव महराज ने परीक्षित को भागवत कथा सुनाई।

कृष्ण दास महराज ने कहा कि भक्तों को गुरु भी धैर्य पूर्वक चुनना चाहिए क्योंकि सही गुरु ही भव सागर पार करने में सहायक होता हैं। इस दौरान विजय प्रकाश वैश्य ने कथा व्यास को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान सत्यनारायण मोदनवाल, संतोष कुमारी, शिवप्रकाश, चंद्रप्रकाश, चेयरमैन सरला साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी, सुधा अवस्थी, मुकेश मोदनवाल, रिंकू जायसवाल आदि रहे।

## नेपाली बाबा ने सुनाई मां भगवती के अवतरण की कथा



कथा सुनाते नेपाली बाबा। अमृत विचार

**अटौरा, रायबरेली :** क्षेत्र के ग्राम सभा सुल्तानपुर खेड़ा गांव में चल रहे 48वें रुद्र महायज्ञ के अवसर पर आयोजित भव्य भागवत कथा के प्रथम दिवस शायं व रात्रिकालीन बेला में दूर-दूराज से आए विद्वान कथाचार्यों की अमृतवाणी से श्रोताओं ने भागवत कथा का रसपान किया। रात्रिकालीन बेला 8 बजे से 12 बजे की कथा में नेपाल से आए नेपाली बाबा ने राजा सगर के 60 हजार पुत्रो के भस्म होने व भागीरथ द्वारा माँ गंगा को धरती पर लाने की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। इटावा से आये राघव किशोर रामायणी ने ताड़का वध की कथा सुनाई वही मध्य प्रदेश से आई हुई प्रतिभा मिश्रा ने रामचरितमानस में किन लोगों ने कथा कहीं और किन लोगों ने कथा सुनी इसका संगीत मय तरीके उल्लेख किया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। चल रही इस कथा को सुनने के लिये काफी दूर-दुराज के क्षेत्रों से भगवत प्रेमी आए हुए थे। यह कथा आगामी सात दिनों तक सुनाई जायेगी।

### भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** पूरे घासी खालेहार में भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर किया। बुधवार को पूरे घासी खालेहार में भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया। इसी प्रसंग में अहिल्या उद्धार की कथा को सुनाते हुए कहा कि जिसका कोई नहीं होता है, उसके भगवान होते हैं। रामजी ने अपने चरण की रज धूल से अहिल्या का उद्धार कर दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**श्रीमद्भागवत कथा** | प्रेमयज्ञ महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़, विवाह के बाद हुई महाआरती, बांटा गया प्रसाद

# रुक्मिणी को ब्याहने चले कृष्ण, श्रद्धा बनी घराती और बाराती

ऊंचाहार, रायबरेली



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथाव्यास व मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दूल्हे के श्रृंगार में चित्त को हरने वाले भगवान कृष्ण जैसे ही रुक्मिणी को ब्याहने चले तो कुछ भक्तजन आराध्य के सखा बन बराती बन गए तो कुछ बारात का स्वागत करने वाले घराती। रुक्मिणी को बेटी बनाने और भगवान का दामाद बनाने की होड़ नजर आई। यह दृश्य मंगलवार को क्षेत्र के कबीर बाबा चौराहा के पास चल रहे श्रीमद् भागवत कथा प्रेमयज्ञ महोत्सव में रहा।

कथाव्यास पंडित विपिन पांडेय ने कंस वध और देवकी-वासुदेव से भगवान कृष्ण के मिलन का प्रसंग सुनाया। इस दौरान देवकी और कृष्ण के मिलन के वर्णन में कई महिलाओं की आंखें भर आईं। हरिआमे नमो नारायण, श्रीमन नारायण-नारायण हरि-हरि। तेरी लीला सबसे न्यारी न्यारी। तूने भक्तों की नैया तारी, भजन पर भक्तजन खूब झूमे। इसके बाद रुक्मिणी विवाह का प्रसंग हुआ। इस प्रसंग के लिए विशेष रूप से झांकी सजाई गई। झांकी में तुलसीजी की क्यारी भी रखी गई। विविध मिष्ठान्न, वस्त्र आदि भी झांकी में सजाए गए। विवाह के बाद महाआरती हुई और भक्तों में प्रसाद बांटा गया। बतौर यजमान सियाराम कौशल व उर्मिला कौशल ने पहले पाव पूजा। इनके अलावां पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, पूर्व प्रधान माधुरी कौशल, गया कौशल, दिनेश कौशल, उमेश कौशल, बबलू कौशल ने भी माता रुक्मिणी और भगवान श्रीकृष्ण ने पाव पूजा। इस दौरान बड़ी संख्या के महिलाएं, बच्चे और अन्य लोग मौजूद थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई रामकथा



कलश यात्रा में शामिल लोग।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार :** सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं महारुद्राभिषेक कार्यक्रम के उपलक्ष्य में क्षेत्र के लाही बॉर्डर गुमावां स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर से अवसानेश्वर महादेव मन्दिर हैदरगढ़ बाराबंकी के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गौरतलब हो कि लाही बॉर्डर गुमावां स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर में गत वर्षो की भांति पंडित लालमन शुक्ला, पंडित आनंद कुमार शुक्ला, लवलेश शुक्ला के नेतृत्व में सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं महारुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। लवलेश शुक्ला ने बताया कि 18 मार्च को कथा के समापन पर हवन-पूजन व 19 को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नैमिषारण्य सीतापुर से आई कथावाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने पहले दिन राम नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि राम नाम अविनाशी है। सच्चे मन से राम नाम का स्मरण करने मात्र से भवसागर को पार किया जा सकता है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया 27 वां वार्षिक उत्सव

**हरदोई, अमृत विचार :** कछौना कस्बे के लाला भभूति प्रसाद शिक्षण संस्थान रेलवे में 27वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने की। नौनिहालों ने गीत-संगीत, नाटक-नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। चेयर पर्सन क्रांतिवीर सिंह उर्फ रैना ने नौनिहालों को पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। विद्यालय प्रबंधक अजय गुप्ता भी मौजूद रहे।

### पिकअप में दो भैंसों सहित 3 जानवर लाद ले गए चोर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा से बीती रात चोर दो भैंस व एक पड़वा पिकअप पर लादकर ले गए। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने डाला और ड्राइवर को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा निवासी धर्म प्रकाश पुत्र रामसिंह ने बताया कि उसके दूसरे घर के बाहर बंधी दो भैंस व एक पड़वा 11 मार्च की रात चोर ले गए। मोहल्ले के सर्वेश राजपूत पुत्र कालिका ने गाड़ी का नंबर लिख लिया था।

### पत्रकार को पितृ शोक

**हरदोई, अमृत विचार :** बीमार चल रहे एक पत्रकार के पिता का बुधवार को निधन हो गया। नगर के बहरा सौदागर निवासी पत्रकार आशीष त्रिवेदी के पिता सतीश चंद्र त्रिवेदी काफी लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। गुरुवार को इंडियन एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन व अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद कलक्ट्रेट स्थित संकल्प वाटिका में एक शोकसभा कर शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी।

# बसों में लगा पैनिक बटन, यात्रियों तक पहुंचेगी मदद

## मुसीबत के वक्त बटन दबाते ही परिवहन विभाग के कंट्रोल रूम व डायल 112 तक पहुंचेगी सूचना

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्री लगातार अपने-अपने विभागों में विकास कार्य को करा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री लगता प्रदेश की खस्ताहाल बसों को सुधारने के प्रयास में लगे हुए हैं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बेड़े में नई बसों को शामिल किया गया था जिससे परिवहन निगम से यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके। परिवहन मंत्री लगातार स्वयं अधिकारियों के साथ मिलकर यात्री सुविधाओं को लेकर समीक्षा भी करते रहते हैं। परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए परिवहन निगम की बसों में एक पैनिक बटन लगाया है। यह बटन यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाया गया है। किसी भी आपात स्थिति में यह बटन दबाने से परिवहन विभाग के कंट्रोल रूम और डायल 112 में इसकी सूचना पहुंचेगी। इसके बाद कंट्रोल रूम और डायल 112 पैनिक बटन दबाने वाले यात्री की मदद कर पाएंगे।

### हरदोई की 144 बसों में लगा बटन, जल्द मिलेगी सुविधा

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में अब तक आपात स्थिति से निपटने के लिए कोई भी प्रबंध नहीं थे। ऐसे में यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी भी आपात स्थिति मे राहत पाने के लिए काफी समय लग जाता था। इसको देखते हुए परिवहन निगम की सभी नई व पुरानी बसों में एक पैनिक बटन लगाया गया है। हरदोई से 144 बसें संचालित होती हैं जिसमें से 106 पुरानी बसे हैं। परिवहन निगम के बेड़े में शामिल ।हरदोई से संचालित होने वाली पुरानी बसों में अलग से पैनिक बटन को लगाया गया है, जबकि नई शामिल हुई बसों में पैनिक बटन कंपनी से लगकर आ रहा है। परिवहन निगम की बसों में पैनिक बटन के लग जाने से सबसे ज्यादा लाभ अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं को होगा। पैनिक बटन के दबाते ही बस नंबर के साथ इसकी सूचना लखनऊ स्थित परिवहन विभाग के कंट्रोल रूम को मिलेगी वहीं एक सूचना डायल 112 तक पहुंचेगी। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम और डायल 112 शीघ्र ही पैनिक बटन दबाने वाली बस तक पहुंच कर संबंधित यात्री से समस्या पूछ कर उसका समाधान करेंगे। परिवहन निगम अब जल्द ही रेलवे के तर्ज पर अपने ट्रेनों में के लोकेशन की लाइव जानकारी के लिए एप भी लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है जल्द ही ऐप को लांच किया जाएगा जिसका लाभ सीधे-सीधे परिवहन निगम से यात्रा करने वाले यात्रियों को होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव ने बताया कि पैनिक बटन लग जाने से यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। हरदोई की सभी बसों में पैनिक बटन लग चुका है

# अवैध शराब के विरुद्ध की छापेमारी, आठ पर केस दर्ज



छापेमारी में पकड़ी गई शराब के साथ पुलिस हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** बुधवार को आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीमों ने 30 जगह छापेमारी कर 130 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की। 150 किग्रा लहन मौके पर ही नष्ट कर 8 अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज किया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार, शराब की ओवर रेट बिक्री व अनियमितताओं की जांच के लिए बुधवार को सीओ ने शाहाबाद की शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। एक देशी शराब की कैंटीन में लोग अंग्रेजी शराब पीते पाए गए। सीओ अनुज मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान देशी शराब की एक कैंटीन पर अंग्रेजी शराब पीते हुए कुछ लोग मिले। क्षेत्राधिकारी ने सेल्समैनों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि शराब बिक्री के बाद दुकानों के सामने भीड़ एकत्रित न करें। अगर शराब पीकर कोई उत्पात मचा रहा है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कछौना संवाददाता के अनुसार, जिला आबकारी अधिकारी कुंवर पाल सिंह के नेतृत्व में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना बेनीगंज के ग्राम कोरोकला, शहदिन में दबिश दी। करीब 35 लीटर अवैध कच्ची शराब व 100 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत दो अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कार की टक्कर से दो किशोरियां घायल, ग्रामीणों ने की तोड़फोड़

**बावन, हरदोई, अमृत :** सवायजपुर की तरफ से हरदोई की तरफ आ रही कार ने पैदल जा रही दो किशोरियों को टक्कर मार दी, जिससे किशोरियां गम्भीर रूप से घायल हो गयी। गुस्साए ग्रामीणों ने कार में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाया। किशोरियों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज हरदोई भेज दिया गया।

ग्राम बडोरा निवासी रामलड़ैते की दो पुत्रियां रोली और पूनम नकटौरा गांव में बाजार करने आई थी। जब यह दोनों वापस जा रही थी, तभी सामने से आ रही कार ने इनके टक्कर मार दी, जिससे यह लोग घायल हो गयी। गुस्साए ग्रामीणों ने कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कार में चालक समेत दो लोग सवार थे चालक नशे में था। मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे लोनार कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने कार सवार दोनों को कब्जे में ले लिया। बावन सीएचसी पर कार सवार दोनों का मेडिकल कराया।



कार में की गई तोड़फोड़।

# गोपार में दो घरों से नकदी-जेवरात चोरी

बघौली, हरदोई

**अमृत विचार :** बघौली पुलिस चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लगा पा रही है। चोर आए दिन वारदात को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस नाकाम साबित हो रही है। अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा के दावे भी फेल होते नजर आ रहे हैं।

बीते एक माह में करीब तीन गांवो में छह चोरी की वारदात हो चुकीं हैं। वहीं एक माह पूर्व महरी गांव में आरक्षी के घर समेत तीन घरों को निशाना बनाया था, खुलासे के नाम पर पुलिस के खाली हाथ है। बीती रात को अज्ञात चोरों ने गोपार गांव में दो घरों को निशाना बनाया, चोर नगदी समेत आभूषणों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गोपार गांव में बीती रात रोहिणी सिंह पुत्री फूल सिंह व चौधरी मौर्य पुत्र शंकर के घरों को चोरों ने निशाना बनाया, रोहिणी सिंह अपनी मां के साथ ननिहाल को एक कार्यक्रम में बीती रात गयी थीं, घर में कोई नहीं था, इसी बीच चोरों ने घर में घुसकर 20 हजार रुपये की नगदी समेत चार सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन, एक जोड़ी पायल आभूषणों पर हाथ साफ किया, वहीं चौधरी मौर्य के घर से लगभग पांच हजार रुपए के समान पर चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस अधिकारी भले ही दावा कर रहें हों कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। बात करें बीते एक माह की तो तीन गांव से छः घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। घटना के खुलासे को लेकर भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।


**ग्राम पंचायत महरोनिया विकास खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई**

पत्रांक: मेमो मनरेगा 2023/24 दिनांक–13–03–2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत महरोनिया विकासखंड संडीला जनपद हरदोई द्वारा मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेंट, मौरंग,बालू, गिट्टी, लोहा, ईट प्रथम, कैटल शेड,टीन शेड, इंटरलॉकिंग ईट आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 15–03–2024 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 16–03–2024 को समिति द्वारा सायं 4:00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी।

**1. परियोजना का नाम–** संतोष यादव के घर से कौशल समलाइना तक सीसी कार्य
**2–परियोजना का नाम–** बड़ा कुंवा से सुबरती के घर तक इंटरलाकिंग कार्य
**3– परियोजना का नाम–** सुबेदार के दरवाजे से सत्तार के खेत तक इंटरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य,
**नाम–** महरोनिया, **प्राक्कलन के अनुसार स्वीकृत लागत (रु0 में)** 1– 623805.55, 2– 784227.83, 3–364722.61,
**योजना मद का नाम–** मनरेगा,
**धरोहर राशि–** 1– 12476.11, 2– 15684.55, 3– 7294.45
**निविदा पपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं जीएसटी सहित–** 600
**नियत कार्य स्थल पर सामग्री कार्यपूर्ति अवधि–** 15 दिवस

नियम व शर्ते– 1– निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।, 2– निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी।, 3– बिना बताए किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।, 4– निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।, 5– धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जाएगा।, 6– कार्यो की कटौती प्रावधान/लागू दरो की कटौती नियमानुसार की जाएगी।, 7– प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

ग्राम प्रधान – अरविन्द कुमार सचिव – अनुराग यादव


# आबकारी निरीक्षक ने किया निरीक्षण

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार :** त्योहार के समीप आते ही कच्ची शराब के कारोबार में आई तेजी पर नियंत्रण के लिए आबकारी निरीक्षक ने टीम के साथ क्षेत्र में कई स्थानों पर छापामारी की। जिससे कच्ची शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया।

बुधवार को आबकारी निरीक्षक आनंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में आबकारी टीम ने त्योहार में कच्ची शराब से होने वाले हादसों का संज्ञान लेकर क्षेत्र में कई स्थानों पर छापामारी की।विभाग की इस औचक कार्यवाही से कच्ची शराब बनाने वालों मे हड़कंप मच गया। इसके बाद आबकारी निरीक्षक ने कस्बे की देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण से दुकानों के सेल्स मैनों में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने दुकानों के सेल्स मैनों को अनावश्यक भीड़ न लगाने के निर्देश दिए।अंग्रेजी शराब की दुकान के पास किसी भी पानी, नमकीन की दुकान पर शराब पिलाने का कोई आदेश नहीं है। इसलिए सभी सेल्स मैन अपनी दुकान के आसपास शराब न पिलाएं। नहीं तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।हालांकि उनके निरीक्षण में किसी भी दुकान पर कोई अनियमितता नहीं पाई गई। टीम के वापस जाने के बाद सेल्स मैनों ने राहत की सांस ली



निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक।

### शराब पीकर देवरानी पर पिटाई करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्शीपुर में एक महिला ने अपनी देवरानी पर कच्ची शराब पीकर मार पीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के ग्राम बक्शीपुर निवासी विमला पत्नी गयादीन ने बताया उसकी देवरानी घर में कच्ची शराब बनाती है और खुद पीती भी है तथा आये दिन उसको शराब पीकर मारती है। मंगलवार की शाम को उसने शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज किया। उसकी पुत्री रेखा ने जब गाली देने से मना किया तो उसने झाड़ू से उसे व उसकी को मारा पीटा। पीड़ित ने बताया उसकी देवरानी कच्ची शराब का व्यवसाय करती है। आबकारी विभाग और पुलिस चाहे जितने दावे कर ले कि क्षेत्र में कच्ची शराब बिकने से नहीं रोक पा रही है। शराब का कारोबार करने वाले खुद पीकर इतने बेसुध हो जाते हैं कि किसी को भी गाली-गलौज करते रहते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीओ के निर्देश पर पतंग विक्रेताओं के यहां छापेमारी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा चाइनीज मांझा विक्रेताओं के खिलाफ पूरी तरह से एक्शन मोड में हैं ।उन्होंने मंगलवार को समस्त पतंग विक्रेताओं को बुलाकर चाइनीस मांझा की बिक्री बंद करने का निर्देश दिया था।इस चेतावनी के साथ कि चाइनीज मांझा से नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं और बच्चों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में बाइक सवार महिलाएं और पुरुष घायल हो रहे हैं, इसलिए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री न करें। पतंग विक्रेताओं को चेतावनी देने के बाद क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने समस्त चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र के पतंग विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी का निर्देश दिया। इसी क्रम में बुधवार को दोपहर 12 :00 बजे चौकी इंचार्जों ने पतंग विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी करके चाइनीज माझा तलाशा । एक पतंग विक्रेता के यहां चाइनीज मांझा एक तरफ रखा हुआ मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार ने स्पष्ट रूप से पतंग विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि अब अक्सर औचक छापेमारी होगी और प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिलने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

# नशे और धूम्रपान से खुद को दूर रखे युवा पीढ़ीः प्रेमावती

**हरदोई, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में जीडीसी में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन् किया।

जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने मुख्य अतिथि के साथ प्राचार्य जीडीसी हरि गोविंद सिंह शासन द्वारा नामित पर्यावरणविद, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अश्वनी कुमार मिश्र,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी मिश्र, वरिष्ट वैज्ञानिक,सीपी एन गौतम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । मुस्कान एंड ग्रुप ने गणेश वंदना प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही विगत वर्षों में विभिन्न कार्यक्रमों से जनपद में जनजागरुकता करने के लिए नेहरू युवा केंद्र के युवा मण्डल सदस्य, प्रियांशु अवस्थी, कैलाश चंद्र,जितेंद्र वर्मा,भवानी प्रसाद शर्मा, सीवी, सुबी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सीडीओ सौम्या गुरुरानी के समक्ष एक मतदाता जागरुकता नाटक का मंचन किया। अंतिम सत्र में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने स्थानीय विषयों जैसे कचरा प्रबंधन,आवारा पशु,लघु उद्योग आदि पर चर्चा की। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में पंकज अवस्थी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार प्रतापगढ़।**

पत्रांक: 177/न0पं0मा0बा0/2023–24 दिनांक: 13/03/2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत मान्धाता बाजार द्वारा समस्त पंजीकृत/इच्छुक ठेकेदारो (अन्य विभागो में पंजीकृत) को सूचित किया जाता है कि पत्र सं0–39/2023/386 मु0मं0न0सृ0यो0/नौ–2–2023/1775683 दिनांक–30 दिसम्बर, 2023 मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो को नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। कार्यो हेतु निविदा दिनांक 15.03.2024 को पूर्वाहन 10:00 बजे से ई–टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की सम्पूर्ण जानकारी, नियम व शर्तो को http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा आमंत्रण दिनांक 15.03.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से।
2. डाउनलोड एवं अपलोड दिनांक 15.03.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 04.04.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक।
3. टेक्निकल बीड खोलने का दिनांक 04.04.2024 को अपराह्न 12:00 बजे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत मान्धाता बाजार प्रतापगढ़।


# बच्चों के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, केस दर्ज

**सीतापुर, अमृत विचार:** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में बच्चों के बीच शुरू हुए विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी से आग बबूला दबंग युवक ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट करते हुए मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली व नगर के वार्ड पैगम्बरपुर के रेहान (20) पुत्र रसूल अहमद नमाज पढ़कर घर जा रहा था। मस्जिद के पास बच्चों में विवाद हो रहा था। रेहान ने बच्चों को डांटकर भगा दिया और घर चला गया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद मोहल्ले के ही अकरम, रिजवान, इमरान, अयान, रेहान दो-तीन महिलाओं आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे लेकर रेहान के घर घुस आए और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो हमलावर भाग गए।

### खाना बनाते लगी आग से मां-बेटे, 8 बकरियां झुलसीं

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट थाना इलाके में एक घर से निकली चिंगारी से लगी भीषण आग से गांव में सात घर जलकर खाक हो गए। बुधवार की दोपहर लगी आग से लोगों की ग्रहस्थी सहित लाखों रुपयों की कीमत का सामान जलने से नुकसान हो गया। इस भीषण आग की चपेट में आने से मासूम और एक महिला सहित कई बकरियां झुलस गई। ननोईया मजरा दारानगर में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। आग ने तेज हवाओं के कारण गांव के ही मंगू, सुंदर, करन पुत्र गोकुल और रामप्रसाद, रामशंकर पुत्र बैजू व राकेश आदि के घरों को चपेट में ले लिया। आठ बकरियां सहित इन घरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

# आरुष, उत्कर्ष और यहया ने जीती रेस

बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार :** सेन्ट जेवियर्स स्कूल महमूदाबाद रोड बिसवां में बड़े उत्साह के साथ स्पोर्ट्स डे मनाया गया।स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्यों,प्रबंधक मोहित जैसवाल, प्रधानाचार्या डॉ. मंजू सिंह ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विद्यालय के प्रमुख छात्र असीम श्रीवास्तव ने मशाल को आगे बढ़ाते हुए खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस अवसर पर अनेक प्रकार की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान प्री-प्राइमरी की केला दौड़, टॉफी रेस, टेबल रेस में आरुष, उत्कर्ष और मोहम्मद यहया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन अनन्या वर्मा व प्रत्यूष सिंह ने किया। इस दौरान कॉर्डिनेटर शाश्वत पांडे, खेल प्रशिक्षक हर्ष सक्सेना और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।




प्रतियोगिता में स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी व प्रधानाचार्य डॉ. मंजू सिंह।

**सम्मान समारोह** गांधी भवन हॉल में बोले सीडीओ- निपुण विद्यालय बनाने के लिए समन्वय एवं रणनीति बनाकर कार्य करें

# कमजोर बच्चों को अतिरिक्त क्लास देकर बनाएं निपुण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** गांधी भवन हॉल में जिला बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत एआरपी द्वारा चयनित एवं शिक्षा संकुल विद्यालयों के कक्षा 1-3 में अध्यनरत विद्यार्थियों का डीएलएड प्रशिक्षुओं ने माह दिसम्बर 2023 में किए गए आकलन के आधार पर आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया तथा निपुण हुए विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक को निपुण विद्यालय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी जनपद में निपुण हुए कुल 192 विद्यालयों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जनपद के विद्यालयों को निपुण भारत में सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए उपस्थित निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक अपने क्षेत्र के आस-पास के विद्यालयों को शिक्षकों से सम्पर्क करें और जैसे प्रयासों से अपने विद्यालय को निपुण बनाया है उन्हें भी बताये ताकि जनपद के शतप्रतिशत बेसिक विद्यालय निपुण भारत की श्रेणी में लाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाने के लिए बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित करने के साथ सभी के साथ समान व्यवहार करें और शिक्षा में कमजोर बच्चों को अतिरिक्त क्लास देकर निपुण बनायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं मतदान की शपथ दिलाई। विशिष्ठ अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाने के लिए शिक्षक एवं समस्त स्टॉप समन्वय व रणनीति बनाकर कार्य करें और बच्चों की रूचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सभी खण्ड बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहें।



सम्मान समारोह में प्रमाण-पत्रों के साथ शिक्षक व साथ में डीएम और सीडीओ।

### जेवर व नकदी लेकर युवती फरार, दी तहरीर

**सीतापुर, अमृत विचार :** सदरपुर थाना इलाके में एक विवाहिता पर घर से जेवर व नकदी लेकर फरार होने का आरोप ससुर ने लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर निवासी विवाहिता के ससुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहू संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि वह घर से 50 हजार की जेवर के साथ 5 हजार रुपये लेकर गायब है। काफी तलाश करने के बाद पता चला कि युवती को खुसुरुवा के मिथिलेश विश्वकर्मा लंघनिया के पवन व सहबाजपुर के रामकुमार की मदद से बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम भरोसा तिवारी पुत्र वशिष्ठ तिवारी, निवासी– ग्राम व पोस्ट पचपोखरी थाना नोखा जिला रोहतास बिहार** मेरे पुत्र का सही नाम रूद्र तिवारी है जबकि विद्यालय अभिलेख में उसका का नाम त्रुटिवश सार्थक तिवारी अंकित हो गया है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम रूद्र तिवारी अंकित है। जिसका आधार नं0–9409 0814 6219 है। मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में सार्थक तिवारी के स्थान पर रूद्र तिवारी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इशरत अली पुत्र स्व0 जुल्फीकार, निवासी– मोहल्ला दामादपुरवा मशमूला मलकाना कस्बा व थाना व तहसील सण्डीला जिला हरदोई** , मेरा पुत्र इसरार व उसकी पत्नी रहनुमा, रिहान पुत्र इसरत अली व उसकी पत्नी महक का चाल चलन ठीक नहीं है वो आये दिन आपस में वाद विवाद करते है इनके मध्य रोज होने वाले वाद विवाद से मेरा परिवार बहुत परेशान रहता है इस कारण मै। अपने पुत्र इसरार पुत्र इसरत अली व इनकी पत्नी रहनुमा पत्नी इसरार व अपने पुत्र रिहान पुत्र इशरत अली व इनकी पत्नी महक पत्नी रिहान से समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। अब मेरा उनसे कोई वास्त व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह आए दिन झगडा– फसाद करता है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **बलवीर सिंह (पिता), निवासी– ग्राम–हथिका, तहसील–मैथा कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार पुत्र स्व0 दरगाही लाल, निवासी– लोहरामऊ रोड बघराजपुर सौरमऊ देहात सुलतानपुर,** मैने एक किता बैनामा दिनाँक 10–05–1988 को राम सुचित पुत्र बैजनाथ व मुइला देवी पत्नी राम सुचित से क्रय किया था जो गाटा संख्या 21ब सौरमऊ परगना मीरानपुर सदर सुलतानपुर के संबंध में था जिसकी जिल्द संख्या 1450, पृष्ठ संख्या 53/55, द0न0 क्रमांक 2020 था वास्तव में खो गया है।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया वि.खं. अमरौधा तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 15/03/2024 को ग्राम सभा डिलौलिया के पंचायत भवन परिसर में समय सुबह 10 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं
**निवेदक– वीर सिंह पुत्र बलवान सिंह मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात**

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. दौलतपुर विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 15/03/ 2024 समय 12: 30 बजे दोपहर दौलतपुर पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत करियापुर के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
निवेदक- **कुंवर लाल निषाद** ग्राम दौलतपुर ,भोगनीपुर कानपुर देहात।



**तीसरा रोजा**

सहरी : 05 .02 बजे

इफ्तार : 06 .17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# भागवत कथा का रसपान करा श्रृद्धालुओं को किया भाव-विभोर

## सीतापुर के नैमिष धाम से शुरू हुई 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा और रामादल हरैंया पड़ाव स्थल पर विश्राम करने के बाद पहुंचा हरदोई

प्रदीप वैश्य, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार:** हरैंया पड़ाव स्थल पर विश्राम करने के बाद बुधवार को रामादल सीताराम का जयघोष करते हुए जनपद हरदोई के दूसरे पड़ाव स्थल ग्राम नगवा, कोथावां पहुंचा। सीतापुर के नैमिष धाम से शुरू हुई 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा और रामादल बुधवार की सुबह मेला कमेटी अध्यक्ष नारायण दास की अगुवाई में ग्राम नगवा,कोथावां स्थित पड़ाव स्थल के लिए रवाना हुआ। रास्ते व पड़ाव स्थल पर लोगों ने परिक्रमार्थियों का स्वागत किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी विपुल वर्मा के नेतृत्व में स्टाल लगाकर जरूरतमंदो को दवाएं उपलब्ध कराई गई। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बे में रिपोर्टिंग चौकी भी बनाई गई है। मेला पड़ाव स्थल समेत चिन्हित किए गए स्थलों पर बेनीगंज व अतरौली, संडीला, कछौना व महिला थाने का फोर्स एवं पीएसी तैनात रही। विधायक रामपाल वर्मा ने परिक्रमार्थियों, साधु-संतों को फल व प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद लिया।

### चारों ओर दिखाई दे रहे श्रद्धालु

सड़क किनारे, बागों व खेतों में साधु-संतों ने डाला डेरा व परिक्रमार्थी हाथी, घोड़ा, पालकी, रथ, साइकिल व ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत अन्य वाहनों व पैदल भी यात्रा में शामिल हुए हैं। परिक्रमार्थियों द्वारा पड़ाव स्थल समेत आसपास बाग, बगीचे व खेत में डेरा डालकर विश्राम किया गया। रात में पंडालों में एक दिवसीय भागवत कथा व रामकथा कहकर रात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



पड़ाव स्थल पर भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार



पड़ाव स्थल पर बागों में विश्राम करते श्रद्धालु। अमृत विचार



परिक्रमार्थियों को प्रसाद व दान भेंट करते क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा।



पड़ाव स्थल पर लगे श्रद्धालुओं के टेंट। अमृत विचार

### मिट्टी खोद चूल्हा बनाया, सेंकी रोटियां



अस्थाई चूल्हे पर रोटियां सेकती महिला परिक्रमार्थी। अमृत विचार

पड़ाव स्थल पर डेरा डालने के बाद महिला श्रद्धालु भोजन की व्यवस्था करने में व्यस्त नजर आई। जिनके पास अन्य संसाधन नहीं थे, उन महिलाओं ने मिट्टी खोदकर चूल्हा बनाया और उस पर रोटियां सेकी। पुरुष परिक्रमार्थी पानी व लकड़ियों आदि का इंतजाम करते नजर आए। यात्रा में हरदोई के अलावा, शाहजहांपुर, लखनऊ, आगरा, बाराबंकी, गोंडा, रायबरेली, फैजाबाद समेत अन्य जिलों व पड़ोसी देश नेपाल, हरियाणा, मध्यप्रदेश आदि के साधु संत शामिल रहे।

### उत्तराखंड हरिद्वार, नेपाल, मथुरा व बहराइच से पहुंचे श्रद्धालु

परिक्रमा यात्रा में लखीमपुर समेत नेपाल, लखनऊ, अयोध्या, झांसी, सीतापुर आदि जनपदों से लाखों में श्रद्धालु शामिल है। श्रद्धालुओं का कहना है कि परिक्रमा यात्रा का खास महत्त्व है, उन्हें खुशी है कि वह इस परिक्रमा में बतौर परिक्रमार्थी शामिल हुए है। परिक्रमार्थियों ने हत्याहरण तीर्थ पर पहुंचकर तीर्थ में डुबकी लगा स्नान कर जन्म जन्म के पापों की मुक्ति की कामना की। इस तीर्थ का बखान वेद पुराणों में वर्णित है मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध के बाद इसी तीर्थ में स्नान किया था।

### 18 साल से अनवरत परिक्रमा कर रहीं लक्ष्मी हथिनी

महंत नागेश्वर दास जी महाराज ने बताया कि महंत देवीदास जी महाराज के समय से हम सभी लोग निरन्तर चौरासी कोसीय परिक्रमा करते आ रहे है, जिसमें हमारे साथ लक्ष्मी हाथिनी भी लगातार 18 वर्षो से लगातार परिक्रमा कर रही है परन्तु इस वर्ष कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण लक्ष्मी परिक्रमा मेला के अगले पड़ाव गिरधरपुर उमरारी से हमारे साथ जुड़ेगी, लक्ष्मी को काफी लोग पूछ रहे हैं।

## एक नजर

### अल्लाहपुर फीडर से आज नहीं मिलेगी बिजली

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** शाहाबाद नगर में 11 केवी लाइन और ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य के कारण अल्लाहपुर फीडर के उपभक्ताओं को दिनभर बिजली की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। बिजली विभाग के एसडीओ शशांक मौर्य ने बताया नगर में मेंटीनेंस का कार्य चल रहा है। गुरुवार को अल्लाहपुर फीडर पर विद्युत कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 10 से शाम 4 .30 बजे तक इस फीडर के 1600 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं की जा सकेगी। नगर के मंडी समिति से लेकर गढ़ी, टेलीफोन एक्सचेंज, रेलवे स्टेशन डिविजन ऑफिस आदि के 16 ट्रांसफार्मरों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

### दो बच्चों की मां लापता रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर नरकतरा में दो बच्चों की मां के चंपत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शाहाबाद के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी लेखराम ने बताया कि उसकी पत्नी प्रियंका 10 मार्च को सुबह घर से कहीं चली गई है। वह दो बच्चों को छोड़ गई है। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# लोगों को दर्द देने के बाद लोक निर्माण विभाग को याद आया अपना फर्ज

**खबर का असर**

बावन, हरदोई

**अमृत विचार:** सड़कों पर बिना मानक बने स्पीड ब्रेकर हादसों का सबब बन रहे थे। ऊंचाई ज्यादा होने और ढलान न होने से ब्रेक लगाते ही बाइक सवारों की जान पर बन आती थी। ऐसा काफी दिनों से चल रहा था, लेकिन जिम्मेदारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। तीन दिन पहले सोमवार को अमृत विचार ने यह खबर प्रमुखता से छापी तब जाकर लोक निर्माण विभाग को अपना फर्ज याद आया। बुधवार को लोक निर्माण विभाग की टीम ने बावन नहर पुल के पास पहुंचकर जेसीबी से स्पीड ब्रेकर तोड़ दिए।



तोड़ा गया स्पीड ब्रेकर।

बताते चलें कि बावन में नहर पुल के पास और बावन बस अड्डे के पास स्पीड ब्रेकर बने थे, जो कि हादसे का कारण बन रहे थे, लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं था यहां पर स्पीड ब्रेकर इतने ऊंचे बना दिए गए थे, जिनकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही थी। रविवार को यहां पर बाइक से उछलकर एक युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यह खबर प्रमुखता से छपने के बाद बावन पुलिस चौकी की टीम ने लोक निर्माण विभाग के अफ़सरो को फोन करके इस मामले की जानकारी दी, तब लोक निर्माण के अफसरों ने संज्ञान लिया। बुधवार को ब्रेकर हटा दिए गए।

### 43वें हनुमान चालीसा पाठ पर हुआ मंगल पाठ

**हरदोई, अमृत विचार :** 43वे मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया। महिला प्रकोष्ठ की जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में विभूति नगर के श्री गणेश साई मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली का पूजन किया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कॉलोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने सभी को हनुमान चालीसा व हनुमान अष्ठक का पाठ कराया। पुजारी विश्वास पाठक व पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती की।

# भुगतान में लापरवाही करने वाले सचिवों पर करें कार्रवाई : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारियों व धनराशि का कम व्यय करने वाले पंचायत सचिवों व सहायकों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कम व्यय वाले ग्रामों के सचिवों व सम्बंधित खंड विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सचिवों व संबंधित खंडविकास अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिन ग्रामों में ग्राम प्रधान के पावर सीज हुए हो, वहां समिति गठन किया जाएं। समिति के गठन में आरक्षण का ध्यान रखा जाएं। शैक्षिक योग्यता, अनुभव व सत्यनिष्ठा का ध्यान रखा जाएं। मल्लावां की ग्राम पंचायत हेरवल के सचिव को लापरवाही करने पर निलंबित करने व एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। टोडरपुर की सेमरावां के पूर्व सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में ओपेनिंग बैलेंस अधिक हो वहां के सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएं। भुगतान में लापरवाही करने वाले सचिवों पर कार्रवाई की जाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में पीडीए ही हराएगा एनडीए को

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार:** जनता ने पीडीए के साथ रहने का मन बना लिया है। पीडीए 80 फीसदी आबादी की आवाज है और पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए (राजग) को हरायेगा। यह बात विगत दिनों लखनऊ में समाजवादी पार्टी का दामन थामने वाले पूर्व बसपा नेता तिलक चन्द्र पासी ने कही।

नगर के मोहल्ला मलकाना स्थित सपा नेता अभिषेक दीक्षित के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में तिलक चन्द्र पासी ने कहा आज बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय की अवधारणा को ताकत देने के लिए दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज एक साथ सपा के साथ आ रहा है। उन्होंने कहा आज भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के हो रहे उत्पीड़न, शोषण, तथा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। इस दौरान सपा सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मुकेश यादव,नगर अध्यक्ष अक़ील अन्सारी, राम खेलावन वर्मा,कछौना जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश वर्मा, कछौना क्षेत्र पंचायत सदस्य राम विलास वर्मा आदि मौजूद रहे ।

### कुत्ते से टकरा कर बाइक सवार रोडवेज बस ड्राइवर की मौत

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार :** कन्नौज डिपो में ड्राइवर ड्यूटी करने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया और उससे बाइक टकराने से वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि माधौगंज थाने भैंसीमऊ निवासी 35 वर्षीय अंशुल पुत्र गिरिंद्र कुमार कन्नौज डिपो में ड्राइवर था। मंगलवार को वह ड्यूटी पर गया और ड्यूटी करने के बाद देर शाम को बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी बीच रास्तें में हरपुरा के पास अचानक उसके सामने कुत्ता आ गया। अंधेरे में उसे पता नहीं चला और उसकी बाइक उसी से टकरा गई,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जा रहा था,उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# किसानों को गोष्ठी में किया गया जागरूक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** कोटपाल सिंह आदर्श शिक्षा समिति में पादप आनुवांशिक संसाधन संरक्षण पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को पादप संरक्षण की बारीकियों के बारे में अवगत कराया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन तथा कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से अनुसूचित जाति उप योजना के तहत एकदिवसीय जागरूकता संगोष्ठी एवं कृषि आदानो का वितरण समारोह संपन्न किया गया। जिसमें कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्रिख लोकसभा के सांसद अशोक रावत तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक रामपाल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शस्य विज्ञान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ रवि गोपाल सिंह रहे।



पादप संरक्षण गोष्ठी में बोलते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि सीमित मेक्सिको के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ रवि गोपाल सिंह ने बताया कि वह कैसे संरक्षित कृषि साधनों का उपयोग करके अपनी उपज में बढ़ावा कर सकते हैं और अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। संस्थान से आए डॉ. प्रवीण सिंह और डॉ. एसके कौशिक ने भी उपस्थित किसानों को पादप संरक्षण संबंधी जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने पुरानी किस्म के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। समिति के प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने किसानों को तकनीकी और प्रौद्योगिकी का खेती में इस्तेमाल हेतु प्रोत्साहित किया।

## सार-संक्षेप

### पहला मैच अब्दुलपुरवा क्लब व अहिरोरी के बीच हुआ



बैटिंग करते क्रिकेट खिलाड़ी। फोटो : अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** बाबू मोहन लाल वर्मा क्रिकेट प्रतियोगिता का आठवां दिन है। बुधवार का पहला मैच अब्दुलपुरवा स्पोर्टिंग क्लब हरदोई एवं अहिरोरी वारियर्स के बीच खेला गया। टांस अहिरोरी वारियर्स ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट जोकर 112 रन बनाए थे । सोनू ने 29 रन बनाए जबाव में बल्लेबाजी करती हुई अब्दुलपुरखा तीन गेंद में लक्ष्य को हासिल कर लिया। अब्दुलपुरवा स्पोर्टिंग के कप्तान अनीश ने 34 रन बनाया और गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। इन्हें मैन आफ द मैच' दिया गया। निर्णायक के रूप में अंकश सिंह, शिवेन्द्र सिंह, डॉ वीरपाल रहे। स्कोकर के रूप में उत्कर्ष अभय, जबकि कमेन्डी रामजी कश्यप, राहुल वर्मा ने की।

### तम्बाकू की लत से रहें दूर, नियमित करें व्यायाम : सीएमओ

**हरदोई, अमृत विचार :** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को नो स्मोकिंग डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहिताश कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। तम्बाकू में करीब 4000 प्रकार के विभिन्न रसायनिक पदार्थ मौजूद होते है इनमें से 60 रसायन कैंसर पैदा करने की क्षमता रखते हैं। जिनमें लंग कैंसर, हार्टअटैक, ब्लड प्रेसर, स्टोक, मुंह, गले व पेट का कैंसर आदि सम्बन्धित समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए जितनी जल्दी हो सके तम्बाकू की लत से खुद को दूर रखें और नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ्य आहार के माध्यम से आप सभी निरोगी जीवन जिएं। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा-4 के बारे में भी बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध है। जिसका उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराकर तम्बाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जितेन्द्र श्रीवास्तव, डा. मनोज कुमार, डा. सुरेन्द्र कुमार, डा. शिवम् गुप्ता, जिला सलाहकार एनटीसीपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह, डा. सीवी सिंह, नीरज गुप्ता, हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।




हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते सीएमओ।

### युवक ने लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर निवासी युवक ने शराब के विवाद में पुत्र और उसकी मां के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर जांच प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर निवासी सोनू पुत्र गंगाराम ने बताया गांव का ही वीरपाल पुत्र मुन्ना उसे कच्ची शराब पिलाने का दवाब बना रहा था। उसके मना करने पर विपक्षी ने उसे लात घूसे और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी आवाज सुनकर उसकी मां गंगी देवी उसे बचाने आई तो विपक्षी ने उसे भी डंडे से मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### कब्जा करने वाले प्रधान पति ने पत्रकार को दी धमकी

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के लाख कहने के बाद भी पुलिस पत्रकार से बदसलूकी ही नहीं बल्कि उसकी पिटाई करते हुए धमकी देने वाले प्रधान पति पर अभी भी मेहरबान है। बात इससे बढ़ी कि पत्रकार ने तालाब की ज़मीन पर कब्ज़ा करने की एसडीएम से शिकायत की थी। पुलिस ने तो कुछ नहीं किया लेकिन प्रधान प्रतिनिधि ने न सिर्फ उसकी पिटाई ही की, बल्कि जानमाल की धमकी दे रहा है। अब उसने सूबे के मुखिया तक अपनी बात पहुंचाई है। पत्रकारिता करने वाले राजन त्रिवेदी ने अपनी शिकायत में कहा है कि ग्राम पंचायत बरगावां मजरा अहरापुर में तालाब की ज़मीन में प्रधान पति प्रमोद वर्मा करीब दो साल पहले से कब्ज़ा कर उसमें खेती कर रहा है। जिसकी शिकायत उसने एसडीएम से की। प्रधान पति को इसका पता चला तो उसने न सिर्फ नाराज़गी जताई बल्कि गाली-गलौज कर उसे धमकाया और जान से मारने की धमकी तक दे दी। राजन का कहना है कि उसने जब शिकायत की तो प्रधान पति की जी-हुज़ूरी करने वाली पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया।

**जागरूकता**

**वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में हुई निबंध व रंगोली प्रतियोगिताएं, जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ**

# घर जाकर अपने माता-पिता को दिलाएं मतदान का संकल्प : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता पर आधारित निबंध व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के विजेताओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार वितरित किया। जिलाधिकारी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चियां घर जाकर अपने माता पिता को मतदान का संकल्प अवश्य दिलाएं। मतदान प्रतिशत में शीर्ष जनपदों में शामिल होने के लिए जनपद के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करना है।



मतदाता जागरूकता में शपथ दिलाते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य लोग।

उन्होंने कहा कि जेन्डर रेशियो बढ़ा है। अब नारी शक्ति की जिम्मेदारी है कि मतदान अवश्य करें। उन्होंने बच्चियों को आयोग की ओर से जारी क्यूआर कोड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देख सकते हैं। सी विजिल एप पर अचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रहता है। ई-केवाईसी के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। वोट देना अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है। उपनिदेशक कृषि डॉ नंद किशोर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि छात्राएं अपने घर परिवार व आस पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने विद्यालय की छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य व शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

### सीओ ने अर्धसैनिक बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सीओ व पुलिस प्रशासन ने अर्धसैनिक बलो के साथ फ्लैग मार्च निकाला। सीओ शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने अर्धसैनिक बल के साथ नगर के इमलियाबाग चौराहा, मंडई, इमाम चौक, संडीला गर्ल्स इंटर कॉलेज, शोरा कोठी, नत्था तिराहा, गल्ला मंडी, प्रतिभा तिराहा होते हुए बस स्टैंड चौराहा से सुम्बाबाग टिकरा बरार पोंखई खेड़ा मे फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने सभी से चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह भी दी। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणं सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए- चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश ! कावेरी को सहेजा होता



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम





पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन



पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुई एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिंग, पैरा बैंकिंग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिंग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.47 बजे
इफ्तार : 6.27 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.53 बजे
इफ्तार : 6.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# सभी को आत्मनिर्भर बना रही है सरकार: राज्यमंत्री

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के बैंक के माध्यम से वितरित एक लाख लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वार्ता भी की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



लाभार्थियों को किट वितरित करते नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू।

कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि हमारी सरकार अन्तिम पयदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सफाई कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिससे कि उनको किसी भी प्रकार की बीमारी न हो। प्रधानमंत्री जी की सोच है कि छोटे से छोटे काम करने वाले वर्कर आत्मनिर्भर बने। साथ ही सरकार सभी को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिन पात्रों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इस दौरान पीएम नमस्ते योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, पीएम नमस्ते योजनान्तर्गत सीवर और सेप्टिक टैंक के श्रमिकों को पीपीई किट का वितरण, उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक के ऋण प्राप्तकर्ताओं को चेक का वितरण, आर्यावर्त बैंक के द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण-पत्रों का वितरण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण, जिला अग्रणी बैंक के द्वारा स्टार्टअप योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिवसागर गुप्ता, जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रविशंकर गिरि, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालबाग चौराहे पर डिप्टी सीएम आज करेंगे पूर्व पीएम की प्रतिमा का अनावरण

## ब्रजेश पाठक जिला अस्पताल का करेंगे निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की जानेंगे हकीकत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** भारतीय राजनीति में अजातशत्रु कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण आज सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक करेंगे। शहर के लालबाग चैराहे पर लगी भव्य प्रतिमा को सांसद राजेश वर्मा और नगर पालिका के सहयोग से स्थापित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा लालबाग चैराहे पर स्थापित प्रतिमा के अनवारण को लेकर शहर के जीआईसी ग्राउंड पर हेलीपैड तैयार किया गया है। डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर जारी प्रोटोकॉल के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे उतरेगा। कार्यक्रम के अनुसार डिप्टी सीएम सबसे पहले जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होंगे। इसके उपरान्त डिप्टी सीएम ब्रजेश


लालबाग चौराहे पर स्थापित प्रतिमा के साथ मौजूद सांसद राजेश वर्मा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी व अन्य। अमृत विचार

पाठक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर जनता को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात वह आवास विकास और आर्यनगर पहुंचकर प्रियजनों से मुलाकात कर उनका हाल जानेंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था और रुट मैप तैयार कर व्यवस्था को चाक चौबंद किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद राजेश वर्मा उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण व समर्थक उपस्थित रहेंगे।

▶▶ 11 फीट ऊंची बनाई गई है अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा

### भूतल से प्रतिमा की ऊंचाई है 20 फीट

शहर के लालबाग चौराहे पर स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा की ऊंचाई करीब 11 फीट है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी ने बताया कि भूतल से प्रतिमा की ऊंचाई करीब 20 फीट है। इस प्रतिमा को स्थापित करने के लिए भूतल से 7 फिट 6 इंच का स्ट्रैक्चर तैयार किया गया है। विशेष धातु से तैयार की गई इस प्रतिमा का वजन करीब 7 कुंतल है। प्रतिमा को स्थापित करने को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से दिन रात काम में लगे हुए थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

अटरिया थाना क्षेत्र के कठवा गांव निवासी सूरज कुमार (20) पुत्र सुरेश अपने एक साथी के साथ बाइक से तिलक समारोह में शामिल होने क्षेत्र के अंबाई गांव निवासी राहुल पुत्र रामकुमार के यहां आ रहा था। तभी सिधौली मार्ग पर सिरौली चैराहे के निकट उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक का इलाज जारी है।

# 2014 से पहले मंदिरों की दुर्दशा देख होती थी घुटन : रेखा


दिव्यांग को ट्राईसाइकिल भेंट करतीं सांसद रेखा वर्मा और मौजूद अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** सभी सनातनियों के लिए गर्व की बात है कि आज भगवान राम अयोध्या में अपने गर्भ गृह में विराजमान हो गए है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से सभी रामभक्त उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उक्त बातें सांसद रेखा अरुण वर्मा ने महोली क्षेत्र के चितहला गांव मे चल रही यज्ञ में मौजूद भक्तों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा 2014 के पहले हिन्दू समाज के लोग पूजा करने जाते थे, तो उन्हें मंदिरो की दशा देख खुद में घुटन सी महसूस होती थी। बैठक में लोकसभा प्रभारी संतोष सिंह, संयोजक रामकिशोर मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।

### सांसद ने दिव्यांग को दिलाई ट्राई साइकिल

बुधवार को महोली के चितहला गांव में संचालन समिति की बैठक में शामिल होने के पश्चात धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा का काफिला महोली की ओर जा रहा था। सड़क के किनारे सांसद को जगन्नाथ पुत्र बाबूराम नाम का एक दिव्यांग खड़ा नजर आता है। सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बीडीओ महोली को तत्काल ट्राई साइकिल देने के निर्देश दिए।

# बूथों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें अधिकारी: डीएम

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में भूमिजा बहुद्देशीय हाल में जोनल आफिसर, सेक्टर आफीसर एवं आरक्षित सेक्टर आफीसर का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों को ठीक प्रकार से समझ ले। ईवीएम की कार्यप्रणाली का भी समुचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 प्रवीन रंजन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण में कर्मचारियों को निर्देश देते एसपी चक्रेश मिश्र, साथ में डीएम अनुज सिंह।

**तैयारी**

▶▶ निर्वाचन आयोग के निर्देशों को ठीक प्रकार से समझें अधिकारी

▶▶ ईवीएम की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश

### 223 सेक्टर आफीसर को दिया गया प्रशिक्षण

जिला विकास अधिकारी/सहा. प्रभारी अधिकारी, मत. का. हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये सेक्टर आफीसर एवं पुलिस सेक्टर आफीसर का प्रशिक्षण13 मार्च को दो पालियों प्रथम पाली सुबह 10से एक बजे तक द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक भूमिजा बहुउद्देशीय हाल, अर्जुनपुर,बिसवां रोड, खैराबाद में दिया गया। जिसमें कुल 223 सेक्टर आफीसर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला प्रशिक्षण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** | बीजेपी विधायक ने निपुण बच्चों को सर्टिफिकेट देकर किया पुरस्कृत

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड सिधौली इलाके के ब्लॉक संसाधन केंद्र बाड़ी परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बीजेपी विधायक मनीष रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक मंचन करके प्रतिभाएं दिखाई गई। बच्चों ने इस दौरान हस्तशिल्प कला से तैयार किये हुए मॉडल को प्रस्तुत्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिधौली मनीष रावत के द्वारा निपुण बच्चों को सर्टिफिकेट



बच्चों व शिक्षकों सहित अभिभावकों को सम्बोधित करते बीजेपी विधायक मनीष रावत।

देकर पुरुस्कार दिया गया। विधायक मनीष रावत ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। सरकार का हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकत्री व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों के नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के निपुण बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी अध्यापक अपने-अपने विद्यालय में छात्र संख्या को बढ़ाने का पूरा प्रयास करें। जिससे मेरे नव निहाल बच्चे शिक्षा से वंचित न रह सके एवं बाल वाटिका स्तर पर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए ताकि प्राइमरी में पहुंचने पर उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई न हो सके। इस दौरान उत्कृष्ट आंगनबाड़ी केंद्र हेतु प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर माफी में कार्यरत यास्मीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं उत्कृष्ट नोडल शिक्षक संकुल हेतु शिखा श्रीवास्तव को विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसआरजी करुणेश मिश्रा, एआरपी प्रेम शंकर त्रिवेदी, समीर श्रीवास्तव, आलोक कुमार, गिरीश चन्द्र, शिक्षक प्रभात शुक्ला, बबिता श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, प्रियंका वर्मा, मीना सक्सेना, नीलम, पूनम, बिंदु रानी, आनंद कुमार, ज्योति मिश्रा, रीना तिवारी, वैभव, विनय, अनुसुइया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**लहरपुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया में घरेलू बंटवारे को लेकर संदीप एवं मोतीलाल के मध्य हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई। ग्राम परसिया निवासी संदीप ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया है कि विगत शनिवार देर शाम घरेलू बंटवारे में हुए विवाद के चलते मोतीलाल उसकी पत्नी शिव कुमारी व पुत्री मोहनी देवी ने उसके घर पर आकर गंदी-गंदी गालियां दीं।मेरे पिता मोतीलाल व भाई राम सहारे के विरोध करने पर मोतीलाल ने मेरे भाई राम सहारे 30 वर्ष पर बांके से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।विपक्षी मोतीलाल, शिव कुमारी व मोहिनी देवी ने मेरे पिता सोहनलाल, मां शिव देवी व बहन लक्ष्मी को भी जमकर लाठी डंडों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, संदीप की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### ग्राम चौपाल के जरिये बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**कमलापुर।** विकासखंड कसमंडा के बीआरसी पर विद्यालय प्रबंधन समितियो के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान तथा शिक्षक संगोष्ठी चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला तथा मुन्नी देवी ब्लॉक प्रमुख रही। शुरुआत दीपक शुक्ला जिला पंचायत सदस्य के द्वारा दीप प्रज्वलन माल्यार्पण पूजन अर्चन के साथ किया गया। कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में निपुण पाठ योजना, दिव्यांगजन शिक्षा ,बाल वाटिका आंगनबाड़ी के विषय पर एआरपी हिमांशु शुक्ला ने प्रकाश डाला। ऑपरेशन कायाकल्प पर मनोज कनौजिया ने अपने विचार रखें। समलैंगिक समानता बालिका शिक्षा एमडीएम की शिक्षण में भूमिका पर डॉक्टर दिनेश शर्मा ने विधिवत प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी एसएन प्रजापति द्वारा अभिभावकों के लिए संदेश एसएमसी के गठन पर चर्चा भी की गई।

### ड्राप आउट बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ना चुनौतीपूर्ण

**लहरपुर।** ब्लाक संसाधन केंद्र लहरपुर में चल रहे तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़कर उनकी आयु के सापेक्ष कक्षा के अनुरूप दक्षताएं प्राप्त कराने की विधियों के बारे में जानकारी दी। खण्डशिक्षा अधिकारी लहरपुर रमाकांत मौर्य ने प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और उसको पढ़ाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है लेकिन प्रशिक्षित में दी गई जानकारी और विधियां कक्षा शिक्षण करते समय व्यवहार में लाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। संकुल शिक्षक अनवर अली ने भाषा और गणित विषय से संबंधित बाल केंदित शैक्षिक गतिविधियों तथा रोल प्ले शिक्षण विधि के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बच्चों के विकास के लिए लाभकारी होता है खेलकूद

**सीतापुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में गत दिवस ब्लॉक खैराबाद के जूनियर और कम्पोजिट विद्यालयों के कक्षा 6,7,8 के बच्चों के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंडस्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डायट खैराबाद के सभागार में किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में कुल 149 छात्रों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय चरण में प्रथम चरण के टॉप 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया। तृतीय चरण में द्वितीय चरण के टॉप 28 छात्रों का चयन किया गया। इनका साक्षात्कार कर टॉप 10 छात्रों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी 149 छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी खैराबाद पुष्पराज सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा पैदा होती है।

## सार-संक्षेप

### 205 छात्रों को कारागार राज्यमंत्री ने वितरित किये स्मार्टफोन


छात्रों को नि :शुल्क स्मार्टफोन वितरित करते कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड इलाके के हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज लहरपुर में छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री सुरेश राही का ब्लॉक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा और कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद जुबेर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर वक्ताओं ने स्मार्टफोन के शैक्षिक प्रयोग के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कारागार राज्यमंत्री ने 205 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारे देश के नवयुवक अच्छी शिक्षा प्राप्त कर होनहार और शिक्षित नागरिक बनकर देश और समाज की बेहतर सेवा के लायक बन सके। छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराने का उद्देश्य यही है कि हमारे बच्चे स्मार्टफोन के सहयोग से इंटरनेट और गूगल आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों की बहुत सी जानकारियां हासिल करके, हमारे बच्चे भी जमाने के कदम से कदम मिलाकर रफ्तार की दौड़ में शामिल होकर आगे बढ़ सके। ब्लॉक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा ने कहा कि सरकार बिना किसी भेद भाव सभी तरक्की और खुशहाली के कार्य कर रही है। इस अवसर पर महेन्द्र अवस्थी, भगवानदीन त्रिवेदी, प्रधान शादाब खान,अनवर अली ,जेड आर रहमानी एडवोकेट, प्रमोद बाजपेई, देवेंद्र पांडेय एडवोकेट, हसीन अंसारी , आसिफ खान, विभू पुरी, योगेश मिश्रा, ने अपने विचार व्यक्त किए कॉलेज के प्राचार्य आलोक सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दंत चिकित्सा इकाई का सांसद ने किया लोकार्पण


दंत चिकित्सा इकाई का लोकार्पण करते सांसद राजेश वर्मा व मौजूद सीएमओ।

**सीतापुर।** मंगलवार को सांसद राजेश वर्मा और सीएमओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गेल ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की सीएसआर निधि से बने दंत चिकित्सा इकाई का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद सीतापुर राजेश वर्मा ने बताया कि गेल की सीएसआर निधि से लगभग पचास लाख रुपए कीमत की दंत चिकित्सा इकाई की स्थापना की गई है। इस इकाई की स्थापना हो जाने से क्षेत्रीय दंत रोगियों को इलाज के लिए अन्य जगह दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।सीएमओ हरपाल सिंह ने कहा कि मरीजों के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक की तैनाती भी सीएचसी पर कर दी गई है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार ने उपस्थित अतिथियों का बुके व माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। इस मौके पर दंत चिकित्सक डा. साक्षी शर्मा,चिकित्सक डा.अजय नारायण,डा.जय वर्मा,भाजपा कार्यकारिणी सदस्य जय कुमार वर्मा,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तंबौर प्रदीप कुमार गौतम,पूर्व चेयरमैन तंबौर झब्बान बेग,ब्लॉक प्रमुख बेहटा अनुपम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सांसद ने किया खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**सीतापुर।** सांसद राजेश वर्मा द्वारा खेल स्पर्धा के अंतर्गत केपीएस पीजी कॉलेज तंबौर में बालीबाल, लम्बी दौड़ व अन्य खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सांसद ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम शुरू किया। सांसद राजेश वर्मा ने बताया की विभिन्न कम्पनियों के सहयोग से आयोजित स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मलिका परमार, जय कुमार वर्मा, मो जियाउल हक, झब्बन बैग,पूर्व प्रमुख अनुपम वर्मा, अमित सिंह, गिरिजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कमलापुर।** कमलापुर थानाक्षेत्र का रेंगामऊ निवासी दीपक 21 वर्ष पुत्र विनोद रोज की तरह अपने घर से निकला था। कुछ देर बाद घरवालों को सूचना मिली कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। ऐसे में पूरे गांव में हड़कंप मच गया। रेलवे स्टेशन से 15सौ मीटर दूरी पर माता महोठेरानी के निकटरेलवे ट्रैक पर दीपक का शव मिला। बताया जा रहा है कि सीतापुर की तरफ जा रही ट्रेन संख्या 5087अप से कटकर दीपक की मौत हो गई। युवक कस्बे में एक रेस्टोरेंट में काम करता था। वह रोज की तरह आज भी सुबह सुबह घर से निकला था। परिजनों ने बताया कि किसी भी प्रकार कहासुनी या विवाद नहीं था, पता नहीं कैसे यह अनहोनी हो गई। कस्बा इंचार्ज टीपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा कर्मियो ने भी मौके पर मौजूद रहकर विधिक कार्यवाही की।


मृतक युवक।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पबद्ध है सरकार: आशा


विधायक आशा मौर्या के साथ बीईओ सिमी निगार और शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**महमूदाबाद।** केंद्र व राज्य की सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पबद्ध है। मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों का भौतिक परिवेश आकर्षक बन रहा है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ही आगे चलकर देश के कर्णधार बनेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक आशा मौर्या ने यह बात कही।

### सीनियर महिला-पुरुष जिलास्तरीय प्रतियोगिताएं 19 व 20 मार्च को

**सीतापुर।** जिला खेल कार्यालय द्वारा वर्ष 2023-24 में सीनियर महिला-पुरुष जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का 19 व 20 मार्च तक आयोजन किया जायेगा। वॉलीबाल पुरुष (सीनियर वर्ग) 19 मार्च को सुबह नौ बजे से तरणताल स्टेडियम, हाकी पुरूष (सीनियर वर्ग) सुबह नौ बजे से मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम, कबड्डी महिला (सीनियर वर्ग) 20 मार्च को सुबह नौ बजे से तरणताल स्टेडियम तथा फुटबाल पुरूष (सीनियर वर्ग) को सुबह नौ बजे से मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। विजेता-उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार खेल विभाग द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल आई सी एस सी बोर्ड द्वारा जारी अंक पत्र और प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक - T/818/076 , वर्ष 2000 और इंटरमीडिएट का अंक पत्र और प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक- B/8803/073 आईएससी बोर्ड- 2002 द्वारा जारी किया गया वास्तव में खो गया है जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा। **सौरभ उपाध्याय पुत्र श्री शैलेश कुमार उपाध्याय**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र हिमांशु उर्फ गोलू पुत्र रामचन्द्र मिश्रा को उसके अपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त होने के कारण व आये दिन मारपीट, गाली गलौज करने के कारण उससे आज से सभी सम्बन्ध समाप्त करते हुये उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किये गये अनैतिक व अपराधिक कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **रामचन्द्र मिश्रा पुत्र श्रीपाल मिश्रा ग्राम- ब्रह्महौली परगना- चण्डरा, तहसील महोली, जिला- सीतापुर।**

# सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान स्थल का लें जायजा

## जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, लोक सभा निर्वाचन जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, अमेठी।

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए आज आर.आर. पीजी कॉलेज अमेठी के सभागार में जोनल, सेक्टर व पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया।



लोस चुनाव की तैयारियों में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी-कर्मचारी।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नियुक्त मजिस्ट्रेटों को मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, फर्नीचर, मतदाता सूची, संचार आदि बुनियादी सुविधाओं की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए, मतदेय स्थलों पर मोबाइल नेटवर्किंग सुविधा, पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए उन्होंने आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदेय स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वह अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें।

### चुनावी माहौल बनाने के लिए किया गया फ्लैग मार्च

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** आगामी त्योहारों व आसन्न लोकसभा चुनावों को लेकर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व सीआईएसएफ के ऑफिसर गणेश प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र के करीब दर्जन भर से अधिक गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को क्षेत्र के करपिया बरना कस्थुनी पूरब पिंडारा महराज पिंडारा ठाकुर भनौली सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने व सहयोग की अपील की। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व सीआईएसएफ के ऑफिसर गणेश प्रसाद के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च ने बड़ी संख्या पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बलों को जवान मौजूद रहे।

# स्मैक का आरोपी गिरफ्त से फरार, सिपाही निलंबित

संवाददाता, अमेठी।

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए स्मैक का आरोपी सिंहपुर सीएचसी से पुलिस गिरफ्त से फरार हो गया। वहीं अपराध छिपाने में माहिर शिवरतनगंज पुलिस लकीर पीटती रह गई।

थाना क्षेत्र के हथरोहना गांव निवासी सत्यभान पुत्र श्रीराम यादव (25) को चेकिंग के दौरान जामा तलाशी में 30 ग्राम स्मैक मिलने पर गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को उसे पुलिस द्वारा सिंहपुर स्थित सीएचसी चिकित्सीय परीक्षण के लिए लाया गया था। चिकित्सीय परीक्षण होने के उपरांत मौजूद पुलिस कर्मी चाय तम्बाकू पीने खाने में मशगूल हो गए। वहीं पीआरवी यूपी 32 डीजी 2798 के जवान भी मौके पर मौजूद रहे। मौका देख स्मैकिया अपने पहने चप्पल निकाल फरार हो गया। सूचना के बाद थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय पूरे दल बल के साथ सीएचसी पहुंचे और घेरा बंदी शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी को ढूंढ नहीं सकी। इस बाबत थानाध्यक्ष शिवरतनगंज से बात करने की कोशिश गई तो कुछ भी बोलने से कतराते रहे। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अनूप कुमार सिंह ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में सिपाही पवन कुमार पंकज, ज्ञान सिंह, अनिल कनौजिया को निलंबित कर दिया है।

## एक नजर

### 16 से उत्तर पुस्तिकाओं का होगा मूल्यांकन

**अमेठी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से होगा। दो मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। मूल्यांकन कार्य की मानीटरिंग के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। डीआईओएस की ओर से आठ बिंदुओं का निर्देश पत्र जारी किया गया है। रणंजय इंटर कालेज गौरीगंज और रणबीर इंटर कालेज अमेठी को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केन्द्रों पर 24 घंटे चौकीदार तैनात रखने के साथ परीक्षकों को छोड़ कर अन्य बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित किया गया है। वरिष्ठ सहायक राम सुरेश यादव, कनिष्ठ सहायक दिलीप कुमार, मोनू और अजय कुमार वर्मा को मूल्यांकन कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

### युवक पर हुआ जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव अचलपुर मजरे विराज में जमीनी विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया है। घायलावस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव अचलपुर मजरे विराज निवासिनी शिवदेवी पत्नी रामकृष्ण ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि गांव में महादेव के यहां पर जन्म दिन था। वहीं पर मेरे आदमी रामकृष्ण गये हुये थे। कुछ लोगों से जमीनी विवाद का मुकदमा चल रहा था। उसी की जांच करने के लिये मौके पर पुलिस गयी थी। पुलिस के जाने के बाद विपक्षीगण मेरे पति रामकृष्ण को लाठी डंडो से पीटा।

# निबंध और लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ कार्यक्रम

मुंशीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बुधवार को नरपति शिक्षण संस्थान में निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश झा ने प्रतियोगिता का आरम्भ किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है, भारत निर्वाचन आयोग ने उन्हें मताधिकार प्रदान किया है। कार्यक्रम संयोजक और नेहरू युवा केन्द्र की एनवाईवी प्रतिमा ने बताया कि उपनिदेशक डॉ. आराधना राज के मार्ग दर्शन में नेयुके जिले के सभी विकास खंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। सोसायटी फॉर एनीमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी के संस्थापक इंजीनियर लाल मणि कश्यप और उनकी टीम जन जागरुकता अभियान में सहयोगी संस्था के रूप में काम कर रही है। प्रतियोगिता में साधना प्रजापति को द्वितीय, सोनिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध लेखन में काजल ने दूसरा और प्रतिज्ञा ने तीसरा स्थान हासिल किया है। रामपाल, उमाशंकर, महेंद्र नाथ शुक्ल, कृष्ण कुमार प्रजापति, लवकुश, मीनाक्षी झा, रेखा जायसवाल, संदीप कुमार, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों को दी गई पीपीई किट

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बुधवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम सूरज पोर्टल का शुभारंभ, एक लाख लाभार्थियों को रियायती दर पर ऋण वितरण कार्यक्रम, सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट वितरण एवं लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास नलिन राज, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक गणेश यादव सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा एवं सुना।



ऋण वितरण के दौरान मौजूद लाभार्थी व अधिकारीगण। अमृत विचार

कार्यक्रम के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी व जिलाध्यक्ष ने पीएम नमस्ते योजना के अंतर्गत नगरीय निकायों के आठ सफाई कर्मचारियों क्रमशः राम प्रताप, अनिल कुमार, नन्हें लाल, शकील, नीरज, विक्रम, संजय कुमार व संजय को पीपीई किट तथा 6 सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं कौशल निगम तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से 8 लाभार्थियों ऋण वितरित किया गया।

## सार-संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री के प्रयास से ट्रेनों के ठहराव को मिली मंजूरी

**जगदीशपुर, अमेठी।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से निहाल गढ़, अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशनों पर 19134, इंदौर एक्सप्रेस और 13257, 13258 अप डाउन जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हुआ है। बुधवार को ट्रेनों के पहली बार आगमन पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र के साथ पार्टी नेताओं ने ट्रेन ड्राइवरों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, चंद्र मौलि सिंह, विधायक सुरेश पासी, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, राकेश पाण्डेय,देव प्रकाश पाण्डेय, अजय कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

### 33 प्रशिक्षुओं को दिया गया रोजगार

**अमेठी, अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कौशल विकास केन्द्र जामों में किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला समन्वयक आरके अग्निहोत्री के द्वारा किया गया एवं रोजगार मेले में 3 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 89 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 33 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक आरके अग्निहोत्री, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक मृत्युन्जय तिवारी एवं संदीप सिंह, विवेक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालु हुए रवाना

**मुसाफिरखाना, तिलोई, अमेठी।** भाजपा के मुसाफिरखाना मण्डल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने के लिए बस से श्रद्धालु अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। अमेठी की सांसद व केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति ईरानी के सौजन्य से बुधवार को बस द्वारा 51 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम भगवान प्रभु श्रीराम के भव्य दर्शन हेतु शक्ति केंद्र नेवादा व अढ़नपुर से भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने श्री राम का ध्वज दिखाकर बस को रवाना किया। वहीं मोहंगनज चौराहा से भी श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल, श्रीराम कौशल, मंडल मंत्री अमित यादव, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. राज बहादुर सिंह, विजय शंकर सिंह, बूथ अध्यक्ष अवधेश सिंह, प्रदीप सिंह, मुरलीधर दुबे, जियालाल, जग प्रसाद व काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### डॉ.अखिलेन्द्र को श्री ठाकुर राय सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

**अमेठी, अमृत विचार।** महराज बिजली पासी पीजी कॉलेज, आशियाना, लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अखिलेंद्र कुमार मिश्र को उनके उत्कृष्ट शिक्षण हेतु गंगा इंटर नेशनल स्कूल अमेठी में श्री ठाकुर राय सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. अखिलेंद्र कुमार मिश्र ने लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अमेठी का गौरव बढ़ाया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने पर एडिशनल कमिश्नर मिथलेश कुमार शुक्ल, डॉ. अर्जुन पाण्डेय, प्रो.अनुराधा तिवारी, प्रो. पीके सिंह, प्रो. पीआर शुक्ल, प्रो. उपमा चतुर्वेदी, लीलावती, शरदेंदु राय, ललितेंदु राय, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. प्रचेतस शास्त्री, डॉ. श्रद्धा, डॉ. आदित्य, डॉ. दीपक, डॉ. अरुण, डॉ. अमरेंद्र, डॉ. प्रेम कुमारी, डॉ. मंगलेश, डॉ. आर.एस. चंदेल, डॉ. संजीव आदि ने शुभ कामनाएं एवं बधाइयां दी।

### फ़ौजी की पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला

**प्रयागराज। अमृत विचार :** सेना में तैनात फौजी की पत्नी का शव बुधवार को बंद कमरे के अंदर फंदे से लटकती मिली। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना फ़ौजी को पुलिस ने कर दिया है। जानकारी एक मुताबिक मूलरुप से कानपुर जिले के रहने वाले देवेंद्र सिंह इन दिनों फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ मे रहे हैं। बुधवार की सुबह उनकी पत्नी श्रीजी अवस्थी (34) का शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घग्ना की जानकारी कैंट के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उस फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस के मुताबिक घटना की प्रारंभिक जांच की जा रही है। मामला घरेलू कलह का बताया जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव से पुलिस ने बुधवार की सुबह न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने पर घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी छोटेलाल कोल के खिलाफ पत्नी श्याम देई ने भूमि विवाद में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। छोटेलाल के न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी होने पर एसआई बाली मौर्य मय हमराह कांस्टेबल के साथ वारंटी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर वारंटी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर करने के अनुक्रम में वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### मृत व्यापारी के परिजनों को दिया दो लाख का चेक

**नैनी, अमृत विचार :** प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इरादत गंज निवासी युवा व्यवसाई विद्याकांत यादव (24) ने गत 3 मार्च को आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोक जताते हुए परिजनों को दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी है। बुधवार को मृतक की मां गुड्डी यादव के नाम का दो लाख रूपये चेक सपा जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने सौंपा। बीते सात मार्च को सपा मुखिया अखिलेश यादव के प्रयागराज आने पर पीड़ित परिवार ने उनसे मुलाक़ात की थी। अखिलेश यादव ने उन्हें आर्थिक मदद एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था। जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद को परिजनों ने बताया कि अभी तक एक अभियुक्त ही गिरफ्तार हो पाया है। चेक सौंपने गए सपा नेताओं में जय शंकर भारतीय, राजू पासी, अजीत यादव, प्रदीप निषाद, मो गौस, रमाकांत, इन्द्रेश, बृजेश यादव, सोनू केसरवानी, घनश्याम यादव आदि रहे।

### कालेज में फोड़ा पटाखा बम, प्रधानाचार्य झुलसे

**नैनी, अमृत विचार :** कोतवाली नैनी अंतर्गत गंगोत्री नगर स्थित आदर्श इंटर कालेज मे बुधवार दो लड़कों ने कालेज गेट के पास दो सुतली बम फेंक दिया तेज धमाका के साथ वह फट गया जिससे वहां हड़कंप मच गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। आदर्श इण्टर कालेज गंगोत्री नगर में बुधवार दोपहर लगभग एक बजे दो लडके कालेज मे आकर उप प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार को पूछने लगे। इतने मे अश्वनी कुमार भी आ गये। दोनो लडके गाली-गलौज करते हुए यह कह कर लड़ने लगे कि बच्चे पर हाथ क्यो उठाया। प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद मिश्र हस्तक्षेप कर कालेज का गेट बन्द कराने लगे तभी उपरोक्त दोनो लडके भागते हुए दो सुतली पटाखा बम कालेज के गेट के पास फेंक दिया। एक पटाखा बम नही फटा जबकि दूसरा तेज आवाज के साथ फट गया। इससे प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद मिश्र मामूली झुलस गये है।पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# अतीक के बेटे अली की हुई पेशी

संवाददाता, प्रयागराज।

**चार मामलों के कागजात कोर्ट में पेश, अगली सुनावाई 20 को**

**अमृत विचार:** अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की बुधवार को कड़ी सुरक्षा में नैनी जेल से अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट संख्या 7 पलास गांगुली के समक्ष लाकर चार मामलों में पेश किया गया। जेल से अली को लाने से पहले कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

नैनी जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद अतीक के बेटे अली अहमद अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट संख्या 7 पलाश गांगुली के सामने चार मामलों बनी बुधवार को पेश किया गया। अगली सुनवाई के लिए 20 तारीख दी गई है। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि अली के खिलाफ चार मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इन चारों मामलों में न्यायालय ने अली अहमद को अभियोजन कागजात की नकल प्रदान की है। यह सभी मामले करेली थाने में दर्ज किए गए हैं। इनमें अवैध रूप से पिस्टल रखना, रंगदारी वसूलना, धोखाधड़ी आदि का मामला शामिल है। पिछले साल 15 अप्रैल को अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद से अतीक अहमद के बेटे अली की पेशी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कराई जा रही थी। बुधवार को बड़ी सुरक्षा में उसे कोर्ट में पेश किया गया। अली के ऊपर दर्ज मामले की सुनवाई के लिए डिस्ट्रीक कोर्ट में लाया गया था। एसीजेएम 7 पलास गांगुली की कोर्ट में उसे पेश किया गया। अली को आर्म्स एक्ट जानलेवा हमले धोखाधड़ी जैसे मुकदमा में पेशी कराई गई है। इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। इसको लेकर अली अहमद की तरफ से कोर्ट में डिस्चार्ज एप्लीकेशन दाखिल करने की अपील की गई है। कोर्ट ने अली को रिचार्ज एप्लीकेशन दाखिल करने का मौका कर दे दिया है। अगली सुनवाई कोर्ट ने 21 मार्च की तारीख तय की है। नैनी सेंट्रल जेल में बंद 2 साल से अधिक समय बिताने वाले अली अहमद पर 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र की जयंतीपुर इलाके में वकील उमेशपाल और उसके दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने के मामले में नाम सामने आया था।

### एचटी लाइन की चपेट में आने से होटल संचालक की मौत

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार :** भोपालपुर निवासी 30 वर्षीय विजय वर्मा पुत्र उमाशंकर वर्मा पट्टी नगर के उड़ैयाडीह मार्ग पर मांसाहारी होटल का संचालन करते थे। उस होटल के ऊपर से एचटी लाइन का तार गुजरा है। बुधवार की शाम लगभग पांच बजे वह अपने होटल के पीछे लघु शंका के लिए गया था। वहीं पर रखा एक लोहे का पाइप हटाने लगा। इस दौरान पाइप एचटी लाइन के तार से छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आस -पास के दुकानदार उसे लेकर सीएचसी पट्टी पहुंचे। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। हादसे की सूचना पर उसकी मां व पत्नी अस्पताल पहुंच गए। पिता पीडब्ल्यूडी विभाग वाराणसी में तैनात है। घटना की सूचना मिलने के बाद वह घर के लिए निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राष्ट्रीय सचिव लोहियावाहिनी जितेन्द्र गुप्ता का हुआ स्वागत



मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर जितेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वागत समारोह पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर रखा गया। समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने मनोनीत राष्ट्रीय सचिव जितेन्द्र कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। राष्ट्रीय सचिव गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश लोहियवाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी है। इसके लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभारी हूं और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं, उन्होंने जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूंगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि गुप्ता के राष्ट्रीय सचिव बनने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जो जनता को दुख देता है समय आने पर जनता उनसे हिसाब किताब करती है। इसलिए जनता ने फैसला लिया है कि इसबार भाजपा का सफाया होगा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता वोट के जरिये कड़ा जवाब देगी। स्वागत समारोह में दामोदर प्रसाद मौर्या, सतीश मिश्रा, रामअनुज दूबे, अरशद अली, रामजी यादव, लोकनाथ सिंह पटेल, बुद्धिराम गौतम, महेन्द्र गुप्ता, धनेश्वर गुप्ता, सौरभ सिंह, सूर्यकान्त सिंह पटेल, श्याम सुन्दर सोनकर आदि शामिल थे।

### भागवत कथा में गुरु की महिमा का किया बखान



श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करते भक्तगण। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** दादरा के देवी हिंगलाज धाम पर चल रहे संगीतमय प्रवचन गुरु की महिमा कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास साध्वी पूर्णिमा त्रिपाठी ने गुरु की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि गुरु वह है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैला दे। गुरु अपने शिष्य को केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि अपनी कृपा छांव से उसके समस्त पापों का हरण भी कर लेता है। साध्वी ने आगे कहा कि जीवन में गुरु का महत्व अहम है। उन्होंने भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण की। जिस मनुष्य का चित्त स्थिर नहीं होता, वे अपनी इच्छाओं के पूर्ति में अपना सर्वस्व गवां बैठता है। न तो उसे जीवन में प्रभु का स्मरण हो पाता है और न ही सद्कर्मों में उसकी कोई भागीदारी।इस मौके पर कुलवंत सिंह, रंजीत सिंह, कृपाशंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, विजय सिंह मिंटू, महेंद्र मिश्रा, रवींद्र तिवारी, राकेश तिवारी, जितेंद्र, सर्वेश सिंह, देवांश विक्रम सिंह, रतिभान, प्रशांत, लकी, अमन, सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने, एससी/एसटी के आरोप में विकास तिवारी उर्फ लल्लू थाना रानीगंज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 60 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अशोक त्रिपाठी व प्रदीप कुमार पांडेय ने किया। वादिनी के अनुसार 15 जनवरी 2022 समय 2:30 बजे उसकी नौ वर्षीय पीड़िता पुत्री बकरी चराने गई थी, तभी गांव के दो लड़कों को जो पीड़िता के साथ बकरी चरा रहे थे। आरोपी विकास तिवारी ने पीड़िता को खंडहर में ले जाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया,13 दस्तावेज साक्ष्यों को भी साबित कराया गया।

# ग्राम प्रधान समेत नौ के खिलाफ केस

शिवगढ़/रानीगंज प्रतापगढ़

**सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने व सरकारी धन के गबन का आरोप**

**अमृत विचार :** शिवगढ़ ब्लाक के सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य अधूरा होने व सरकारी धन गबन करने के आरोप लगाकर एडीओ शिवगढ़ ने पांच पूर्व प्रधान एक वर्तमान प्रधान, तीन ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारी सहित नौ लोगों के खिलाफ सरकारी धन के गबन का केस दर्ज कराया गया है।

शिवगढ़ ब्लाक में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने रानीगंज थाना में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें 2020 में बुढौरा कुंभापुर गांव 7 लाख 42 हजार रूपये ग्राम पंचायत के खाते में आया था। सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य के लिए तत्कालीन प्रधान रहे रिजवान अहमद निवासी बुढौरा कुंभापुर व ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार द्वारा 7,37469 रूपये निकाले गए। वर्तमान समय मे सामुदायिक शौचालय अधूरा है। सम्बंधित अवर अभियंता द्वारा निर्माण कार्य का मूल्यांकन किया गया तो मूल्यांकन की धनराशि 1.99 लाख किया गया, जिससे अधूरा कार्य छोडकर धन का गबन किया गया। इसी तरह सराय सेरखां गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य अधूरा छोडने व धन गबन करने का आरोप तत्कालीन प्रधान नीलम दूबे, मिसिद्दीपुर तत्कालीन प्रधान राजीव कुमार, खेमईपुर के तत्कालीन प्रधान राज किशोर तिवारी, सचिव रुबी शाहू, सराय जमुनी के तत्कालीन प्रधान नौशाद अली व वर्तमान प्रधान असफाक अहमद, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास पर सामुदायिक शौचालय पूरा न करने व धनराशि का गबन करने का आरोप लगाया गया है। डीपीआरओ के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने सभी आरोपितों पर सरकारी धनराशि गबन का आरोप लगाते हुए रानीगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बीडीओ शिवगढ़ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सामुदायिक शौचालय अधूरा छोडने व सरकारी धनराशि का गबन सामने आया है।

## सीएए | आज तक नहीं बन सका कोई पहचान पत्र, अब 45 साल बाद मिलेगी भारतीय नागरिकता

# राधा के ऊपर से हटेगा पाकिस्तानी होने का ठप्पा

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** पट्टी तहसील अंतर्गत कोहंड़ौर थाना क्षेत्र के सराय रजई गांव में रह रही पाकिस्तान की राधाबाई को भारत की नागरिकता मिलने की उम्मीद जगी है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) राधा बाई की जिंदगी में अब तक का सबसे बड़ा उपहार साबित हुआ है। उसके ऊपर से पाकिस्तानी होने का ठप्पा हट जाएगा। प्रशासन जल्द ही भारतीय नागरिकता प्रदान किए जाने के लिए कार्रवाई भी शुरू कर सकता है।



राधाबाई।

हरीराम अपनी पत्नी रामराजी पुत्री ईश्वरी, लक्ष्मी और राधा बाई के साथ 14 जनवरी 1979 को नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के पूरे केशवराव में पाकिस्तान से वीजा लेकर आए थे, उसके बाद वह कराची नहीं लौटे। हरीराम ने यहीं पर अपनी पुत्रियों की शादी स्थानीय लोगों से कर दी, लेकिन राधा के साथ पाकिस्तानी होने का ठप्पा नहीं हटा। वर्तमान समय में हरीराम और रामराजी दिवंगत हो चुके हैं। ईश्वरी जौनपुर और लक्ष्मी लखनऊ में ससुराल में परिजनों के साथ रह रही हैं। पाकिस्तानी नागरिकता के चलते राधाबाई का आज तक न तो मतदाता पहचान पत्र बन सका है और ना ही आधार कार्ड बना है। 11 अक्टूबर 2019 को राधा ने वीजा की तिथि बढ़ाने के लिए आवेदन भी किया लेकिन निराशा मिली। नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद राधा काफी खुश है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी होने के कारण परिवार के ही लोग हमें स्वयं की पुश्तैनी जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे थे। आए दिन धमकी देते हैं कि पाकिस्तान से आई हो, वहीं भेज दी जाओगी, पर अब ऐसा नहीं हो सकेगा। उसने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया है। अब देखना यह है कि पाकिस्तानी नागरिकता के साथ यहां रह रही राधा बाई के भारतीय बनने में कितना समय लगता है। एसडीएम पट्टी देशदीपक सिंह ने बताया कि राधा बाई ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया है।

# सड़क मरम्मत के कार्य का सांसद और विधायक ने किया उद्घाटन

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जनता का वोट पाने के लिये नेता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। ये सही बात है लेकिन प्रतापगढ़ में बुधवार को एक हास्यास्पद नजारा देखने को मिला। सड़क की बदहाली दूर करने के लिए लंबे समय से लोग प्रदर्शन करते रहे। उसकी मरम्मत शुरू होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों ने बकायदा पूजन कर उद्घाटन किया।

कानूपुर से कटरा गुलाब सिंह (प्रयागराज से जोड़ने वाली सड़क) मार्ग लंबे समय से बदहाल था। सड़क पर जगह जगह जानलेवा गड्ढे बन गए थे। इसके लिए क्षेत्रवासियों ने धरना प्रदर्शन, बुद्धि शुद्धि यज्ञ, हस्ताक्षर अभियान, सड़क के गड्ढे में धान के फसल की रोपाई समेत अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन किया था। बावजूद इसके लंबे समय से सड़क का मरम्मत कार्य नहीं शुरू हो सका। क्षेत्रवासियों के काफी जद्दोजहद के बाद सड़क की विशेष मरम्मत के लिए धन आवंटित हुआ तो कार्य प्रारंभ हो सका। बुधवार को सड़क का मरम्मत कार्य शुरू होने से पूर्व प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल समारोह पूर्वक पूजन कर मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया। पुरानी सड़क के मरम्मत कार्य के उद्घाटन की परंपरा को लोगों ने हास्यास्पद बताया।



**96.8** करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान



**47.1** करोड़ महिला मतदाता



**49.7** करोड़ पुरुष मतदाता



**21.6** करोड़ युवा मतदाता

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में

## चुनावी तीर



कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा नहीं उपलब्ध करा सकते हैं तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं।

**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

## भाजपा की दूसरी सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमश: मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, मगर उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गजों की झोली अभी खाली है।

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**दिल्ली : पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात : साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा( अजजा) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड( अजजा) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला (अजा) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा (अजा) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।

**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक।

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलु, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्देश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमण्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

*2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:*

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

**13%** मतों का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।

**1985** में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

**303** सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की थी जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

## गहलोत, कमलनाथ की तरह हरीश रावत ने भी मांगा बेटे के लिए टिकट

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांगा है। यहां से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं लेकिन गर्भवती होने के कारण चुनाव प्रचार करने में असमर्थ हैं। उत्तर प्रदेश की रायबरेली एवं अमेठी सीट को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है यहां से प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा की है। यहां से वे अपने बेटे वीरेंद्र को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सलाह दी है कि वे या तो स्वयं चुनाव लड़े या फिर बेटी अनुपमा को मैदान में उतारे, क्योंकि पहली मर्तबा में वीरेंद्र को टिकट देना न्याय संगत नहीं होगा।

हरीश रावत शुरू से अल्मोडा-पिथौरागढ संसदीय सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं लेकिन यह सीट सुरक्षित हो जाने के बाद उन्होंने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। लेकिन इस बार वे हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं। रावत का तर्क है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है उनकी जगह बेटे को टिकट दे दिया जाए। वेणुगोपाल से हुई मुलाकात के दौरान हरीश रावत ने बेटे को चुनाव जीतने का सबसे बड़ा फार्मूला वर्तमान सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल का टिकट कटने से भाजपा में पैदा हुए असंतोष का लाभ मिलना बताया है।



● अमेठी या रायबरेली से प्रियंका को उम्मीदवार बनाने पर विचार-विमर्श

इसी तरह उप्र में रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र को लेकर कांग्रेस में काफी विमर्श चल रहा है। क्योंकि सोनिया राज्यसभा से सांसद है और राहुल वायनाड से लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह संदेश जा सकता है कि गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी को छोड़ दिया। पहले यह कहा जा रहा था कि राहुल अमेठी या रायबरेली से भी लड़ सकते हैं।

## टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता ने छोटे भाई से तोड़े संबंध

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।



पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। बाबुन बनर्जी ने कहा कि मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं।

## दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

- लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व
- भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच
- मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में

● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।



● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर

### इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा (उपचुनाव में जीते) |
| संभल | डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा (अभी निष्कासित) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व

## फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है।





उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में मंत्री हैं और साध्वी की जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

(2019 में सपा-बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली)

### इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो-दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक-एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

### हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

### तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

### वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड-19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका-चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

- वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

### रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि उसने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना 'जमा पर ब्याज दर', 'बैंकों में ग्राहक सेवा', 'कर्ज पर ब्याज दर' और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। इस बीच, रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर भी कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950-50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,300 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

### ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा की।

## सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

### केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से खरीद पर जीएसटी में 50% छूट

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी पर 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगा। इस निर्णय से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केन्द्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस बलों के कर्मियों की कड़ी मेहनत को स्वीकार कर और उसका सम्मान कर पुलिसकर्मियों और उनके परिजन के कल्याण को बहुत महत्व देता है।

## लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।



## एक नजर

### नोएडा एक्सटेंशन में छह ढाबों और दो दुकानों में लगी आग

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल के पास बने 6 ढाबों और 2 दुकानों में बुधवार सुबह आग लग गई और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब दमकल विभाग को सूचना मिली कि नोएडा एक्सटेंशन में हिंडन नदी के पास एक ढाबे में आग लग गई है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया कि वहां बने 6 ढाबों और दो अन्य दुकानों में आग फैल गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 'शार्ट सर्किट' होने की वजह से आग लगी। अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### 12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12.40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो-रिक्शा में जाते हुए देखा था।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

### प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है। मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

### मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम-सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा-कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

### बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

## हमारे खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

## सरकार ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजनाओं के दो गलियारों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12. 377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8. 385 किलोमीटर होगी।

## मेडिकल शिक्षा के पाठ्यक्रम में योग होगा अनिवार्य हिस्सा

नई दिल्ली, ब्यूरो

**योग महोत्सव 2024 संपन्न**

- आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा बोले

**अमृत विचार:** आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा है कि प्राचीन संस्कृति से निकाला योग का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है और चिकित्सा के क्षेत्र में करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। इसीलिए मेडिकल कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में योग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व आयोजित योग महोत्सव 2024 को संबोधित करते हुए श्री कोटेचा ने कहा कि 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिस ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेने के लिए योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। वहीं स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय बेंगलुरु के कुलाधिपति डॉ. एचआर नागेंद्र, मोरारजी देसाई मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की कार्यवाहक निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज योग संस्थान मुंबई की निदेशक हंस जयदेव, योग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर बसवा रेड्डी, डॉ.अंजना राजकुमार, डॉ.सुधा प्रसाद, मानसी गुलाटी, गीता शंकर, पुणे की निदेशक डॉ. सत्य लक्ष्मी, डॉ. खुशबू जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।

## प्रसार भारती की समाचार सेवा 'शब्द' आरंभ

नई दिल्ली, ब्यूरो

- छोटे मीडिया घरानों को मिलेगी निशुल्क समाचार सेवा: ठाकुर




**अमृत विचार:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा "शब्द" का रिमोट दबाकर ऑनलाइन आरंभ किया है।

उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन, चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि शब्द समाचार सेवा का शुभारंभ होने से प्रसार भारती का सूचना तंत्र और मजबूत हो गया है। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महा निदेशक मनीष देसाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो के महा निदेशक धीरेंद्र ओझा, दूरदर्शन की महानिदेशक प्रिया कुमार, पीआईबी की महानिदेशक शेफाली शरण, इंडियन न्यूजपेपर समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### केंद्र केरल को 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज की सहमति देने को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

# नायब सिंह सैनी सरकार ने विस में हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

**हरियाणा की सरगर्मी**



हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

### सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

### खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।

## ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

### 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय



● मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी

**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।



## बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

**दुबई, एजेंसी**

अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।



## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी।** सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया।

### अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता। अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है।

## खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

### 42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

**मुंबई, एजेंसी**

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार



● 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने



गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।

## विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन

BCCI

● 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

## कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर



छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।

## शेफाली का अर्धशतक, गुजरात को हराकर दिल्ली फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शेफाली वर्मा के 37 गेंद में 71 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला लीग के मैच में बुधवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दिल्ली ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से गुजरात को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया था। उसने 13.1 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रविवार को फाइनल में दिल्ली का सामना मुंबई और बंगलुरु के मैच के विजेता से होगा। दिल्ली की शेफाली ने 5 छक्के



और 7 चौके लगाए। उसने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रौड्रिग्स 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले गुजरात का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा और चौथे ओवर में उसके 12 रन पर दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। कप्तान बेथ मूनी बिना खाता खोने काप की गेंद पर आउट हुई। भारती फुलमाली के 42 और कैथरीन ब्राइस की नाबाद 28 रन की पारी नहीं होती तो गुजरात का स्कोर और खराब होता। दक्षिण अफ्रीका की मरियाने काप, शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने दो दो विकेट लिए। डी हेमलता (4) को जेस जोनासेन ने बोल्ड किया। लौरा वोल्वार्ट (7) को काप ने पवेलियन भेजा। पांचवें ओवर में गुजरात के तीन बल्लेबाज आउट हुए जब स्कोर 16 रन था। एशले गार्डनर (12) और फोबे लिचफील्ड (21) ने चौथे विकेट के लिए 23 रन जोड़े। मनी ने गार्डनर को आउट किया। नौवे ओवर में गुजरात का स्कोर 4 विकेट पर 39 रन था। मनी की गेंद पर राधा यादव ने लिचफील्ड का कैच लपका। 5 विकेट 11वें ओवर में 48 रन पर गिरने के बाद फुलमाली और ब्राइस ने 68 रन जोड़े।



# बॉलीवुड हलचल

## सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

## विवान ने परिजनों का जताया आभार

### जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी श्रृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

**मुंबई, एजेंसी।** अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।



### मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

